हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025



# तीन जिले में 28% किसानों ने बेचा धान, अगले 45 दिनों में 72% से खरीदी की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में पिछले 15 नवंबर से शुरु हुई धान की सरकारी खरीदी में अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक महज 28 फीसदी किसानों से 24 फीसदी धान की खरीदी ही हो पाई है। समितियों की खरीदी लिमिट में इजाफा नहीं होने का सीधा असर खरीदी की रफ्तार पर देखने को मिल रहा है। जबकि अब शेष महज 45 दिनों में 72 फीसदी किसानों से उपज खरीदने की चुनौती प्रशासन के सामने है।

ज्ञात हो इन 45 दिनों में भी लगभग 30 फीसदी दिनों में खरीदी अवकाश के चलते बंद रहने वाली है। ऐसे में यदि आने वाले दिनों में खरीदी लिमिट नहीं बढ़ाई गई तो अंतिम मोहलत तक बड़ी संख्या में किसान धान बेचने के लिए इंतजार ही करते रह जाएंगे। जबकि पिछले दिनों समिति प्रबंधकों की बैठक में अधिकांश ने खरीदी लिमिट में इजाफा किए जाने की ही मांग की थी। प्रबंधकों का कहना था कि लिमिट कम होने से गिनती के किसानों से ही रोजाना खरीदी हो पा रही है। वहीं दूसरी तरफ खरीदी लिमिट नहीं बढ़ने और उठाव की रफ्तार धीमी होने से केंद्रों में बफर लिमिट पार हो रही है। कई केंद्रों में अब धान रखने के लिए जगह की दिक्कतें सामने आने लगी है। इधर अविभाजित जिले में उठाव की रफ्तार भी तेज नहीं हो पा रही है। बताया गया कि अब तक जिले में लगभग 58 राईस मिलर्स से परिवहन के लिए अनुबंध किया गया है, जबकि जिले में ही 90 से अधिक राईस मिलर्स है। वहीं डीओ काटने की मात्रा भी शुरुआती दिनों में कम ही बताई जा रही है।

## धान खरीदी को शुरु हुए बीते एक महीने, टारगेट के मुकाबले अब तक 24 फीसदी ही खरीदी

### 174 केंद्रों में हो रही खरीदी

अविभाजित जिले की 174 समितियों के जरिए धान की खरीदी की जा रही है। राजनांदगांव जिले में इस बार धान बेचने के लिए 131411 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है, जिसमें से अब तक 42400 किसानों ने अपनी उपज बेच ली है। वहीं केसीजी जिले में 70817 किसान पंजीकृत है, जिसमें 22203 किसान ने धान बेच लिया है। ऐसे ही एमएमसी जिले में पंजीकृत 43525 किसानों में से 11795 ने धान बिक्री कर ली है।

### खास बातें

- 14 नवंबर से 31 जनवरी तक होगी धान की खरीदी
- पिछले साल के मुकाबले इस बार खरीदी पिछड़ी, 40% कम खरीद



### 144 लाख क्विंटल का लक्ष्य

अविभाजित जिले में 144 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट है। इसमें राजनांदगांव जिले में 76.25 लाख क्विंटल में से अब तक 21.57 लाख क्विंटल, केसीजी जिले में 44 लाख क्विंटल में से 12.95 लाख क्विंटल और एमएमसी जिले में 23.75 लाख क्विंटल में से 5.80 लाख क्विंटल धान की खरीदी कर ली गई है। खरीदी के मामले में सबसे पीछे एमएमसी जिला चल रहा है।

---

## तेंदुए को लेकर दो वन मंडल अलर्ट, कई गांव में दहशत

# जंगल में तेंदुए का शिकार, पंजे नाखून निकालकर आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ़-डोंगरगढ़ के बीच स्थित वन ग्राम बनबोड़ क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक वयस्क तेंदुए की निर्मम हत्या कर दी गई। शिकारियों ने तेंदुए के पंजे, नाखून और जबड़े के दांत काटकर ले गए। जिससे यह मामला सीधे तौर पर संगठित अवैध शिकार की ओर इशारा करता है।

जानकारी के अनुसार खैरागढ़ वनमंडल के कोपेनवागांव-मुढ़ीपार क्षेत्र में सोमवार सुबह तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। जंगल से कुछ दूरी पर राजस्व भूमि में पड़े शव ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। ग्रामीणों द्वारा सोमवार सुबह तेंदुए को मृत अवस्था में देखे जाने के बाद तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**संदिग्धों से पूछताछ जारी :** इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं घटनास्थल को सुरक्षा बलों के साथ सील कर दिया गया है। गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड को भी जांच में शामिल किया गया है और आसपास के गांवों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। वन विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण नियमों के तहत तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### होगी कार्रवाई

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और यदि अवैध शिकार या आपराधिक गतिविधि की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

\- आरके टंडन, रेंजर



### तेन्दुए के पैरों के नाखून गायब



प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। तेंदुए के चारों पैरों के नाखून गायब थे और उसका जबड़ा भी शव के पास नहीं मिला। घटनास्थल के आसपास खून के धब्बे पाए गए हैं। जिससे यह आशंका गहराती जा रही है कि तेंदुए की हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को यहां लाकर फेंका गया।

## छुरिया के जंगल में दिखा तेंदुआ, गांव में अलर्ट

**छुरिया।** राजनांदगांव जिले के छुरिया इलाके के जंगल में एक बार फिर तेंदुआ दिखाई दिया है। सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे तेंदुए के वीडियो में वह पहाड़ी इलाके में विचरण करते हुए नजर आ रहा है। इधर तेंदुए की आहट मिलते ही वन विभाग ने भी अपनी टीम को मौके पर भेजकर ट्रैप कैमरे लगा दिए हैं। हालांकि अब तक विभाग को तेंदुए की सही लोकेशन नहीं मिल पाई है।

हालांकि अंचल के लोगों में वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि छुरिया इलाके में पिछले कुछ समय से लगातार तेंदुए की दस्तक देखने को मिला है, लेकिन इसके बावजूद जवाबदार वन विभाग कोई ठोस प्लानिंग मॉनिटरिंग के लिए नहीं कर पाया है। वहीं इस बार भी तेंदुआ दिखाई देने के बाद लोगों को अलर्ट करने में विभाग कमजोर नजर आ रहा है। जबकि कल तेंदुआ लाममेटा के रमेश जैन, रितेश जैन के फार्म हाउस के पास रात्रि में दिखाई दिया।



### वन में अंधाधुंध हो रही कटाई

ग्रामीणों का कहना है कि वन्यजीव संरक्षण की व्यवस्था कमजोर पड़ रही है। वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि इलाकें में वनों की लगातार अंधाधुंध कटाई हो रही है। बढ़ते निर्माण कार्य और कमजोर निगरानी के कारण जंगलों का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। इसके चलते जंगली-जानवर भोजन, पानी और सुरक्षित ठिकाने की तलाश में गांवों की ओर रूख कर रहे हैं।

### लाममेटा में तेंदुआ, लोकेशन तलाश रहे

मिली जानकारी के अनुसार एक दिन पहले ही लाममेटा के पास के जंगल में तेंदुआ को देखा गया। जंगल के आसपास तेंदुआ लगातार विचरण कर रहा है। ज्ञात हो कि लाममेटा मार्ग जंगल से घिरा हुआ है। आसपास गांव के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करने यहां आते है। इस मार्ग पर ग्रामीण सुबह से मार्निंग वॉक के लिए भी जाते हैं। ऐसे में तेंदुए की सही लोकेशन नहीं पता होने से बड़े खतरे की आशंका बनी हुई है।

# धान की फसल पर प्रतिबंध, भड़के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश किसान संघ द्वारा अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर शहर में स्वाभिमान रैली निकाली गई। इससे पहले किसानों ने जयस्तंभ चौक पर किसान सभा का आयोजन किया। वहीं रबी में धान की फसल पर लगाए जा रहे प्रतिबंधन और किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश और केंद्र सरकार को घेरा। किसानों ने रैली निकालकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम मांगे पूरी करने ज्ञापन सौंपा।



छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान संघ द्वारा आयोजित किसान सभा में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान किसानों ने अपने विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि राजनांदगांव से किसान स्वाभिमान रैली की शुरूआत हो रही है, जो किसानों के विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेशभर में निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में कई समस्याएं हैं। इस वर्ष केंद्र सरकार ने 186 रुपए खरीदी में वृद्धि की है, लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। वहीं वर्ष 2023 में सरकार बदलने के बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त रोक दी गई है। खरीदी केन्द्रों में किसानों से प्रति कट्टा 6 से 8 रुपए की अवैध वसूली हो रही है। जबकि स्पष्ट है कि सरकार द्वारा प्रासंगिक व्यय दिया जाएगा। जिसमें ट्रैक्टर से धान उतारना, बोरों में भरना, छल्ली लगाना शामिल है, लेकिन इसके लिए रुपए किसानों से वसूले जा रहे हैं। प्रशासन प्रदर्शित नहीं अपना रही है। हर खरीदी केंद्र में हमालों को पैसा नहीं देना है, यह सूचना कहीं नहीं लगाई गई है।

**किसानों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी :** किसानों की स्वाभिमान रैली शहर के जयस्तंभ चौक से होते हुए विभिन्न मर्गों से होते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची। यहां किसानों ने कलेक्टर के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा है। वहीं किसानों द्वारा मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी रैली के माध्यम से दी गई है।

### स्वाभिमान को पहुंच रही ठेस

अपने प्रदर्शन के माध्यम से किसानों ने कहा कि प्रदेश में बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी पूर्व से की जा रही है। जिसमें किसान या उसके नॉमिनी का उपस्थित होना अनिवार्य होता है। अब खरीदी केन्द्रों में किसानों के प्रवेश के दौरान किसानों के वाहन के साथ फोटो लिया जाना अनिवार्य किया गया है। इससे किसानों के स्वाभिमान को ठेस पहुंच रही है।

### 12 सूत्रीय मांग पर आंदोलन

किसान स्वाभिमान रैली के माध्यम से किसानों ने धान खरीदी केन्द्रों में प्रवेश के समय फोटोग्राफी बंद करने, खरीदी केन्द्रों में दैनिक खरीदी सीमा बढ़ाने, खरीदी केन्द्रों में अनलोडिंग-पलटी के नाम पर अवैध वसूली बंद करने, गिरदावरी एवं पंजीयन में विसंगतियों को दूर करने, ऋण अदायगी पश्चात पुनः रबी हेतु ऋण की व्यवस्था विगत वर्षों की भांति करने, धान का समर्थन मूल्य बढ़ोतरी का लाभ देते 3286 रुपए की दर से एकमुश्त भुगतान करन, बीते वर्ष की समर्थन मूल्य वृद्धि 170 रुपए हेतु अंतर की राशि का भुगतान करने, राजीव गांधी न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त का भुगतान करने सहित विभिन मांगे रखी है। इस दौरान काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।




### मॉय एंगल




# घायलों की मदद करने सुरक्षा किट वितरित

**मोहला।** दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मदद करने वाले पुलिस मितानों को पुलिस ने सुरक्षा किट वितरण किया। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में एएसपी पीताम्बर पटेल, सीएसपी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी एएसआई शेषनारायण देवांगन एवं यातायात टीम के कुशल नेतृत्व में जिले के सड़क सुरक्षा मितानों को पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा मितान किट वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सड़क दुर्घटना होने पर पीड़तों को प्राथमिक सहायता प्रदान करने के दौरान आवश्यक उपकारणों की आवश्यकता को ध्यान में रखते प्रदत्त किट को प्रत्येक सड़क सुरक्षा मितानों को पुलिस मितान किट बैग, जिसमे सेफ्टी बैग, रस्सी, चाकू, रिफ्लेक्टिव जैकेट, टॉर्च, सड़क पर रखने हेतु रिफ्लेक्टर, दस्ताने, पानी की बोतल एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण शामिल है। साथ ही मितानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।



# खेत से केबल चोरी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- 15 खेत के किसानों ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

खेत में लगे पंप के केबल वायर, मोटर पंप, झटका मशीन चोरी के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सोमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी एवं ग्राम ईरा में ग्रामीणों द्वारा 9 से 12 दिसंबर के मध्य ग्राम खुटेरी ईरा खार से 15 किसानों के खेत से 1 नग सबमर्सिबल पंप, 2 नग सोलर झटका मशीन, पानी मोटर तथा करीबन 2 हजार मीटर लंबा केबल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट थाना सोमनी में दर्ज कराया गया था।

### स्कूटी व केबल तार जब्त

पुलिस के अनुसार इस मामले में सोमनी पुलिस की टीम गठित कर मुखबीर एवं तकनीकी साइबर सेल के सहयोग से संदेही तीरथ कुमार साहू 27 साल बैगापारा के पास लखोली को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर 9 दिसंबर की दरम्यानी रात्रि एवं 11 दिसंबर को अपने दोस्त दुर्लभ देवार व अन्य सहयोगी एवं नाबालिगों के साथ ग्राम खुटेरी एवं ईरा खार में केबल तार, सबमर्सिबल पंप, पानी मोटर की चोरी करना बताया। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त 2 नग स्कूटी तथा चोरी की 100 फीट केबल को जब्त किया गया है। आरोपी तीरथ कुमार साहू एवं नाबालिक के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।




बधाई
बधाई
बधाई
हरिभूमि
24th
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
अभिमन्यु उदय मिश्रा
मीडिया पैनलिस्ट
छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
हफीज खान
वरिष्ठ पार्षद, नगर पालिक निगम राजनांदगांव
पूर्व उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग

## खबर संक्षेप

### दैहान मड़ई 5 जनवरी को

**बांधाबाजार।** ग्राम दैहान में मंडई आगामी 5 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में नीचेकोहड़ो वालों के नाच का मंचन होगा। यह जानकारी विजय कुमार एवं पन्नालाल सोनवानी ने दी।

### पूर्व सीएम से मुलाकात कर की चर्चा



**सड़क अतरिया।** दिल्ली में रविवार को महारैली का आयोजन किया था जिसमें कांग्रेसी नेता संतोष यदु शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर राजनीतिक, संगठनात्मक एवं अन्य विषयों पर चर्चा किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिला किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

### शिशु मंदिर के आचार्यों को आवर्ती प्रशिक्षण



**एलबी नगर।** आचार्य आवर्ती प्रशिक्षण का आयोजन चारभाठा में रविवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में संकुल के अधीन संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य एवं दीदी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला समन्वय पूनम साहू एवं संकुल प्रमुख नूतन यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान शिक्षक गुणवत्ता, परीक्षा संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### धान नहीं लगाने का संकल्प



**डोंगरगांव।** गर्मी के दिनों में गहराने वाले जल संकट को देखते हुए ग्रामीण अब धान की बुआई नहीं करने का संकल्प ले रहे है। गत दिनों ग्राम पंचायत कोटरासरार में ग्रामसभा की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ग्रीष्मकालीन रबी फसल पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बताया गया कि गांव के लगभग 100 एकड़ में धान की बोनी किया जाता है। पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए ग्राम विकास समिति एवं ग्रामसभा में सरपंच धनेश्वरी सिन्हा, सचिव एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया है कि इस साल ग्रीष्मकालीन धान की बोआई नहीं किया जाएगा। रबी मौसम में दलहन तिलहन की फसल किसान लगाएंगे।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**डोंगरगढ़।** स्थानीय गुरूसिंग सभा एवं खालसा एजुकेशन सोसायटी के मार्गदर्शन में जोडमेला सिख वेलफेयर सोसयटी ने चार सहिबजादों के शहीदी सप्ताह को समर्पित स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। गोंदिया के डॉक्टरों ने लोगों की जांच किया। सिख समुदाय के युवाओं ने अपनी सेवा देकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, खालसा स्कूल के अध्यक्ष जरनैलसिंग अरोरा, गुरू सिंग सभा के अध्यक्ष परमजीत सिंग भाटिया, रणदीप सिंग शम्मी, गुरप्रीत सिंग किटटू, मनमीत सिंग मित्ता, रमन कक्कड़, सन्नी भाटिया हरमन, प्रिंस कक्कड़, इंदरपाल सिंग राजा, चंकी भाटिया, गगन भाटिया, जगजीत भाटिया, सन्नी, अनमोल भाटिया आदि उपस्थित थे।

## असामान्य हरकत से शिक्षक-पालकों में हड़कंप

# खैरबना स्कूल की डेढ़ दर्जन छात्राएं हुई बेसुध, वजह का खुलासा नहीं

### एक महीने से हो रही इस तरह की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

प्राथमिक शाला खैरबना में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। सोमवार को प्रार्थना के बाद छात्र कक्षा में जाने के कुछ देर बाद एक के बाद एक लगभग डेढ़ दर्जन छात्र बेसुध होकर गिरने लगे। शनिवार को भी यह घटना हुई थी जिसके बाद पालकों को विद्यालय बुलाया गया था। माह भर पहले इस तरह की घटना हुई तब दो-चार छात्राओं के साथ ऐसा हुआ था।

जानकारी अनुसार इस विद्यालय बीते एक सप्ताह में लगभग आधा दर्जन छात्र इस समस्या से ग्रसित हो चुके है। बीते शनिवार को छात्रों का बेसुध होकर गिरना तथा असमान्य हरकत करने की यह संख्या बढ़ गया। शनिवार को 16 छात्राओं के बेसुध होने पर विद्यालय में हड़कम्प मच गया। शिक्षकों ने तत्काल शाला प्रबंधन समिति की बैठक बुलाई और ग्रामीणों की मौजूदगी में विचार विमर्श कर प्राथमिक शाला को पंचायत एवं सामुदायिक भवन में लगाने का निर्णय लिया। सोमवार को विद्यालय से दूर पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन में लगाया गया। ऐहतियात के तौर पर पालकों को भी बुलाया गया था। प्रार्थना के बाद जब सभी छात्र कक्षा में गए और थोड़ी देर बाद एक के बाद एक कर डेढ़ दर्जन छात्राएं बेसुध हो गई और असमान्य हरकत करने लगी। जिसे देख शिक्षक और पालक सहम गए। कुछ देर के लिए विद्यालय में हाय-तौबा की स्थिति मची रही और लगभग आधा घंटा के बाद सभी सामान्य स्थिति में आ गई। इस घटना के बाद सभी को छुट्टी दे दिया गया।




#### समस्या माहभर से

जानकारी अनुसार छात्राओं के बेसुध होना तथा असमान्य हरकत करने की समस्या बीते माहभर से जारी है। पहले एक दो ऐसा छात्राएं ऐसा करती थी तब इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। बीते सप्ताह से यह समस्या बढ़ते जा रही है। किसी दिन आधा तो किसी दिन दर्जन से अधिक छात्राए बेसुध होने लगी हैं।

#### केवल छात्राएं बेसुध

प्राथमिक शाला में करीब 130 छात्र है। जिसमें करीब 57 छात्राएं है। बेसुध होना तथा असमान्य हरकत करने की समस्या केवल छात्राओं में देखा गया। अचरज की बात यह है कि छात्राओं को विद्यालय परिसर से बाहर लाने के कुछ देर बाद वह सामान्य हो जाती है और फिर दिन भर उनका सामान्य व्यवहार रहता है। शाला प्रबंधन समिति ने इसकी जानकारी बीईओ एवं स्वास्थ्य विभाग को दिया है।

#### जानकारी भेजा गया

जनपद सदस्य डोमार सिंह भेडिया ने बताया कि इस मामले की जानकारी शिक्षा एवं स्वास्थ विभाग को दिया गया है। समस्या से ग्रामीण काफी परेशान हैं।

#### जांच करेगी टीम

विकासखंड शिक्षा अधिकारी गिरेन्द्र सुधाकर ने बताया कि समस्या की जानकारी मिली है। जिला शिक्षा एवं स्वास्थ विभाग को इससे अवगत कराया गया है। कल स्वास्थ विभाग की टीम जांच करेगी तब वास्तविक कारण पता चलेगा।

#### हवन पूजन का सहारा

विद्यालय में हो रही इस असमान्य घटना को रोकने के लिए छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया था तो सभी की स्थिति सामान्य बताया गया। अनहोनी की आशंका को देखकर शाला में हवन एवं शांति पूजा का आयोजन किया गया। हवन पूजन के बाद समस्या दूर होने के बजाए और बढ़ गई है। पहले दो चार छात्राएं शिकार हो रही थी जबकि अब उनकी संख्या बढ़कर दर्जन तक पहुंच गई है।

# कलेक्टर पहुंचे खरीदी केंद्र धान के शीघ्र उठाव का निर्देश



- सोसाइटियों में पर्याप्त व्यवस्था करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सेवा सहकारी समिति अमलीडीह के धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान उपार्जन की व्यवस्थाओं, भंडारण क्षमता, गुणवत्ता मानकों एवं किसानों को मिल रही सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया।

कलेक्टर ने खरीदी केंद्र परिसर में जमीन पर रखे गए धान स्टॉक को देखकर पर्याप्त डनेज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि धान की गुणवत्ता प्रभावित न हो। उन्होंने मानक स्टैक तैयार करने, पूर्ण स्टैकों को विधिवत ढककर सुरक्षित रखने तथा वर्षा एवं नमी से बचाव की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए समिति प्रबंधन को निर्देश दिए।

#### रकबा कराएं समर्पित

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे किसान जिन्होंने समिति में धान विक्रय कर दिया है, लेकिन टोकन में दर्शित शेष मात्रा उनके पास उत्पादन कम होने के कारण उपलब्ध नहीं है, वह नियमानुसार रकबा समर्पण की प्रक्रिया अवश्य पूर्ण कराएं। इससे खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहेगी और अनावश्यक तकनीकी समस्याओं से बचा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को खरीदी कार्य में सतत निगरानी रखने, किसानों को समय पर भुगतान करने तथा निर्देशों के अनुरूप धान उपार्जन करने के निर्देश दिए।

#### लिमिट से ज्यादा खरीदी

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि धान उपार्जन केंद्र की बफर लिमिट 7200 क्विंटल है, जबकि अब तक 17,414.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस पर कलेक्टर ने शीघ्र डीओ कटाकर धान का उठाव कराने के निर्देश दिए, जिससे खरीदी केंद्र पर अनावश्यक दबाव न बने और आगामी खरीदी सुचारु रूप से जारी रहे।

# आपकी पूंजी, आपका अधिकार मुहिम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग और भारतीय रिज़र्व बैंक की संयुक्त पहल आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान का जिला स्तरीय शिविर कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित किया गया। सालों से अटके बैंक जमा राशि, बीमा दावा, शेयर-डिविडेंड और पेंशन जैसी अनक्लेम्ड वित्तीय संपत्तियों को सरल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से वापस लौटने के उद्देश्य से जारी अभियान का शुभारंभ आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक रिनी अजीत, कलेक्टर इंद्रजीत एस चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, जिला कोषालय अधिकारी संदीप वर्मा, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपक मंडल, शाखा प्रबंधक वीरेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ।

शिविर आयोजन को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि यह अभियान उन नागरिकों के लिए बड़ी राहत है जिनकी मेहनत की कमाई सालो से विभिन्न वित्तीय संस्थानों में निष्क्रिय खातों में पड़ी थी। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति अपनी ही कमाई से वंचित न रहे। इसके लिए पंचायत व वार्ड स्तर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि आरबीआई के यूडीजीएएम, एसईबीआई के एमआईटीआरए और आईआरडीएआई के बीमा भरोसा पोर्टलों को एकीकृत कर नागरिकों के लिए सभी अनक्लेम्ड संपत्तियों की खोज अब और अधिक सरल हो गई है। केवल नाम, जन्मतिथि या मोबाइल नंबर से कोई भी व्यक्ति अपनी पुरानी वित्तीय संपत्तियों की जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण अंचलों में जागरूकता रथ, सूचना केंद्र और सहायता काउंटर भी स्थापित किया जाएगा।



#### निष्क्रिय खातों की लौटाई जाएगी राशि

एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपक मंडल ने कहा कि निष्क्रिय खाते, भूली हुई जमा राशि और लंबित बीमा दावों की प्रक्रिया अब पहले की तुलना में कई गुना आसान हो गई है। बैंक ने दस्तावेज़ सत्यापन से लेकर अंतिम भुगतान तक हर चरण में मदद के लिए विशेष सहायता डेस्क तैयार किया हैं। सभी शाखाओं में विशेष काउंटर और कॉल सेंटर के माध्यम से लोगों को प्रक्रिया समझाई जा रही है। गौरतलब है कि अभियान के अंतर्गत जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। अब तक 380 निष्क्रिय बैंक खातों को दोबारा सक्रिय किया गया है, जिनसे कुल 1 करोड़ 06 हजार 908 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इसके अलावा सालो से बंद पड़े 144 खातों से भी 20 लाख 71 हजार 184 रुपया वापस मिला हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी पुरानी पासबुक, बीमा पॉलिसी, शेयर सर्टिफिकेट, पेंशन दस्तावेज़ और डिविडेंड स्लिप की जांच करें और अभियान अंतर्गत अपना दावा दर्ज कर अपनी मेहनत की पूंजी वापस प्राप्त करें। कार्यक्रम में कई नागरिकों को उनकी पुरानी और निष्क्रिय खातों में बंद पड़ी राशि वापस मिलने पर प्रमाण पत्र प्रदान दिया गया।

# पढ़ाई के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दें छात्राएं : कुलश्रेष्ठ

- चन्द्रगिरी तीर्थ का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में बीते दिनों राष्ट्रभक्ति और आध्यात्म का संगम देखने मिला। राष्ट्रचिंतन विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ शामिल हुए। प्रवास के दौरान उन्होंने चंद्रगिरि तीर्थ का अवलोकन किया। उन्होंने श्री चंद्रप्रभ भगवान के दर्शन किए और आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पर जाकर भावांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां विराजमान आर्यिका श्री 105 सिद्धांतमति माता ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



#### हथकरघा प्रकल्प की सराहना

प्रतिभा स्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ पहुंचकर श्री कुलश्रेष्ठ ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने बेटियों को शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने निर्माणाधीन जिन मंदिर का जायजा लिया। तीर्थ क्षेत्र में संचालित हथकरघा प्रकल्प को करीब से देखा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में इसे सराहनीय कदम बताया। तीर्थ क्षेत्र आगमन पर अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन एवं अन्य ने शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# महारैली में शामिल हुए विष्णु लोधी



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी रविवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री लोधी ने लोकतंत्र को कमजोर करने, चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाने तथा जनादेश को कुचलने की कोशिशों का कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ एक नारा नहीं, बल्कि जनाक्रोश की अभिव्यक्ति है। इस दौरान नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन यादव, भगवती वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# त्यौहार मनाकर पैरा जुटाया ग्रामीणों ने



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

ग्राम में 14 दिसम्बर को गौ धन के संरक्षण के लिए पैरा तिहार का आयोजन किया गया । सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा एवं उपसरपंच विरेन्द्र हिरवानी के मार्गदर्शन में सुबह से ही लोग अपने ट्रेक्टर एवं डीआई के साथ खेत पहुंचे और पैरा संग्रहण करने में जुट गए। ग्रामीणों ने 20 ट्रेक्टर एवं 20 डीआई पैरा संग्रहण कर गौठान में इकट्ठा किया। इस आयोजन में योगेश्वर गजपाल, देवेन्द्र साहू, दीनबंधु साहू, सुनील साहू, भुजेद्ध देवांगन, प्रेमलाल साहू, प्रशांत वर्मा, ऐवन ढीमर, दुर्गेश साहू, पप्पू साहू, रमेश साहू, दिनेश साहू, नीलकंठ साहू, दीपक साहू, रोहित साहू, भैयाराम चौहान, गौतम, परसराम, ललित ढिमर, निरंजन साहू, रामबिलास साहू आदि ने सहयोग दिया।

# स्वयं सेवकों ने गांवों में किए रचनात्मक कार्य



- सात दिवसीय शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर की रासेयो इकाई का सात दिवसीय शिविर ठाकुरटोला में 14 दिसंबर को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच चुलेंद्री रामप्रसाद लोधी थी। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि मोनिका दास, पंच, बीआर चंद्रवंशी, मनोहर बोकडे, डॉ हेमलता गायकवाड़, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, डॉ कविता यदु, नम्रता परीक्षा, राजेश चक्रधारी थे। शुरुआत में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया।

स्वयं सेवकों ने मार्चपास्ट कर अतिथियों का स्वागत किया। हिरेंद्र कुमार, ख़ेमलता महिलांगे, पुनीता सलामे, हेमप्रकाश, दामिनी ने अपने दल का परिचय अतिथियों से कराया। कार्यक्रम प्रभारी अरुण कुमार साहू ने बताया कि सात दिवसीय विशेष शिविर अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर है। शिविरार्थियों ने अनुशासन में रहकर स्वच्छता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण पर कार्य किया। दलनायक रितेश पटेल ने प्रतिवेदन का वाचन किया।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती दास ने बताया कि रासेयो एक ऐसा माध्यम है जिससे व्यक्तित्व का विकास होता है। प्राचार्य डॉ ठाकुर ने कहा कि स्वयं सेवक सात दिन तक स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने में सक्रिय रूप से शामिल रहे। अंत में आभार प्रदर्शन डेकेश्वर एवं लता यादव ने किया।

शिविर में मोतीलाल सिन्हा, तेजराम यादव, कोमेंद्र ओझा, पंचराम, योगेश, पंकज, अजय यादव, धनंजय, अजय यादव, चुरामन साहू, सुभाष ठाकुर, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा, लता साहू, तामेश्वरी आदि शामिल हुए।

## भौगोलिक स्थिति का छात्रों ने लिया जायजा

# कॉलेज के छात्रों ने देखा ठाड़पानी जलप्रपात



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय महाविद्यालय गंडई के एमए हिंदी के विद्यार्थियों ने साल्हेवारा स्थित प्रसिद्ध ठाड़पानी जलप्रपात का शैक्षणिक भ्रमण किया। विभाग द्वारा आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ठाड़पानी जलप्रपात के भू-परिस्थिति और आस-पास के पर्यावरण का अध्ययन किया। इस अवसर पर प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को साहित्य में प्रकृति के आलंबन एवं उद्दीपन रूपों के उपयोग को बताया। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक परिवेश से प्रेरित होकर काव्य-पाठ प्रस्तुत किया।

प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने प्रशासन से अपील की है कि ठाड़पानी जलप्रपात को एक सुरक्षित और विकसित पर्यटन स्थल बनाने के लिए तत्काल कदम उठाए। सुरक्षा रेलिंग लगाना, स्पष्ट दिशा-सूचकांक लगाना और पर्यटन सुविधाओं का विकास करना समय की माँग है, ताकि यह प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि बाहरी पर्यटकों के लिए भी सुरक्षित और आकर्षक गंतव्य बन सके। भ्रमण में विभागाध्यक्ष गावस्कर कौशिक, अतिथि प्राध्यापक ढालसिंह लोधी सहित विद्यार्थी अब्दुल, मोहेंद्र, नेमा, लता, दामिन, खुशबू, बरखा, भूमिका, शालिनी, दिव्या, अंजलि, मनीषा, प्रीति, भोलाराम, मधु रजक आदि शामिल हुए।

#### प्रशासनिक निष्क्रियता

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने पाया कि ठाड़पानी जलप्रपात पर्यटन का एक उत्कृष्ट क्षेत्र बन सकता है, बशर्ते प्रशासन इस ओर ध्यान दे। हालांकि वर्तमान में प्रशासनिक निष्क्रियता के चलते यह स्थल अत्यंत खतरनाक है। झरने तक पहुँचने के लिए पर्यटकों को खड़ी पहाड़ी से बिना किसी सुरक्षा रेलिंग या सुरक्षा घेरे के नीचे उतरना पड़ता है, जो लोगों के लिए बेहद जोखिम भरा होता है। यहाँ सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। जलप्रपात के ऊपरी हिस्से में भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, जिससे फिसलने का खतरा बना रहता है। मार्ग पर संकेत बोर्ड भी नहीं है जिसके कारण नए पर्यटकों को जलप्रपात तक पहुँचने में परेशान होना पड़ता है।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

***जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान***



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**


हरिभूमि
24th
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
डॉ. रमन सिंह
अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़
विधायक, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र

## सार समाचार

### निकहत को मिला गोल्ड मेडल

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में पत्रकारिता के क्षेत्र में लगातार 10 वर्षों से कार्य कर रही निकहत परवीन ने भारती विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक के साथ पत्रकारिता की डिग्री हासिल की। भारती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन फोर्स पीजीडीएमसीजे की उपाधि टॉप-10 में से टॉप-2 में अपना स्थान बनाया। विगत 12 वर्षों से समाजसेवा करती आ रही परवीन ने इस पढ़ाई में अपना अनुभव बताया कि आज के युग में महिलाओं को सशक्त बनाने और सच के लिए हमेशा आवाज उठाने में अग्रणी रही है। भारती विश्वविद्यालय के कुलपति एवं पूरी संस्था के पदाधिकारियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा छग शासन के हाथों गोल्ड मेडल सर्टिफिकेट एवं पत्रकारिता की उपाधि ग्रहण की।



### गुरू घासीदास जयंती व सांस्कृतिक कार्यक्रम 18 को

**राजनांदगांव।** ग्राम सोमनी में आगामी 18 दिसंबर को परम पूज्य संत शिरोमणि गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। इस अवसर पर विविध आयोजन भी होंगे। सतनामी समाज के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे व सचिव अश्वनी बांधे ने बताया कि गुरू घासीदास की 269वीं जयंती पर गांव में दोपहर 12 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा बाजार चौक मिनीमाता प्रांगण से दीप प्रज्वलित कर निकलेगी। शाम 4 बजे जैतखाम पूजा व ध्वजारोहण होगा। इसके बाद शाम 6 बजे से मिनीमाता प्रांगण पर प्रसाद वितरण और अतिथियों का स्वागत और गुरू घासीदास बाबा के आदर्शों व उपदेशों पर उद्बोधन होगा। रात 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। समाज के पदाधिकारियों ने लोगों को बड़ी संख्या में उपस्थिति देकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाने की अपील की है।

### पारख ने नितिन नवीन को दी बधाई

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने प्रदेश भाजपा के प्रभारी नितिन नवीन को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते कहा कि छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में नितिन नवीन ने एक कुशल संगठन शिल्पी के रूप में कार्य किया। उनके मार्गदर्शन से ही छत्तीसगढ़ की 10 सीटों पर भाजपा को विजय प्राप्त हुई तथा विधानसभा चुनाव में असंभव लगने वाली परिस्थितियों में नितिन नवीन, अजय जामवाल और ओम माथुर के कुशल मार्गदर्शन के कारण ही हम छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बना पाए। श्री पारख ने कहा कि नवीन एक साधारण भाजपा कार्यकर्ता से बड़ी विनम्रता से मिलते हैं और उनकी यही विशिष्टता तथा संगठन के लिए प्रतिबद्धता के कारण ही केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है। श्री पारख ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि इसके पूर्व नड्डा छत्तीसगढ़ के प्रभारी थे और वे राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त हुए। अब नितिन नवीन प्रभारी थे, वह भी राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त हुए, इसलिए, छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य एवं गौरव का क्षण है। उन्होंने नितिन नवीन को शुभकामनाएं और बधाइयां दी।



### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 तक

**कबीरधाम।** जिले के ग्राम बनिया में 13 से 21 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ से आचार्य पंडित संतोष पांडे चंडीधाम गौरमाटी अपने मुखारविंद से कथा श्रवण कराएंगे। धर्मप्रेमी बंधुओं से इस भागवत कथा में शामिल होकर कथा श्रवण करने अपील की गई है।

### मुक्तिधाम में स्वच्छता की पहल

**मोहला।** ग्राम पंचायत मानपुर के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के पश्चात वहां पर कचरा का ढेर लगा हुआ था। जिससे दूसरे अंतिम संस्कार में शामिल होने आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखकर चेतन दास सार्वा सहायक शिक्षक मानपुर, नरेंद्र कुमार मानिकपुरी सहायक शिक्षक एवं फार्मासिस्ट अविनाश सेन ने श्रमदान और समय दान कर वहां रविवार सुबह 7 बजे से सफाई अभियान चलाया। हरिभूमि को तीनों कर्मचारियों ने बताया कि प्रत्येक दूसरे माह यहां पर सफाई अभियान चलाया जाएगा और सफाई की जाएगी।

सरपंच शकुंतला गावड़े ने कहा कि इन तीनों लोगों का पहल और कदम अनुकरणीय है। उन्होंने आज न केवल मानपुर मुक्तिधाम की सफाई किया, बल्कि एसडीएम कार्यालय मानपुर से लेकर शिक्षक कालोनी पंचाल फड़की सड़क के दोनों तरफ कचरे को भी सफाई कर जलाया गया है। उनका यह कदम सराहनीय है। मानपुर पंचायत द्वारा जल्द ही मुक्तिधाम का रंग-रोगन किया जाएगा।

### 17 को विखं स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

**राजनांदगांव।** युवाओं में छुपी सांस्कृतिक कला को मंच प्रदान कर सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसंबर को शहर के डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है।

सुबह 11 बजे से आयोजित विखं स्तरीय युवा उत्सव में 14 विद्यालयों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष तक और संगतकारों की आयु 18 से 40 वर्ष तक होगी। लोक नृत्य, लोकगीत, पंथी नृत्य, राउत नाचा, कर्मा, सुवा नृत्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड की प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## गिट्टी खदान व क्रेशर की आड़ में करोड़ों रुपए की रायल्टी चोरी का मामला

# खनिज का अवैध उत्खनन के मामले में जांच के आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जोरातराई में गिट्टी खदान और क्रेशर की आड़ में करोड़ों रुपए की रायल्टी चोरी के मामले में प्रशासन ने आज जांच के आदेश जारी किए हैं। खदान संचालक अपने स्वीकृत क्षेत्र की बजाए आसपास स्थित जमीनों में भी अवैध उत्खनन कर शासन के राजस्व की चोरी की है।

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विजय कुमार आ. रूमलाल ठाकुर निवासी ग्राम जोरातराई द्वारा स्वयं के नाम पर ग्राम जोरातराई तहसील राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 320/6, रकबा 1.6630 हे. को गैर आदिवासी सतीश कुकरेजा, प्रदीप कुमार लेखवानी एवं लालचंद किंगरानी के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर संदर्भित प्रकरण दर्ज कर विचारण के दौरान शिकायतकर्ता कृपाराम एवं धनेन्द्र साहू द्वारा पृथक-पृथक शिकायत प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक विजय कुमार ठाकुर की भूमि पड़त व पथरीली भूमि है। जिसके बगल में उनकी भूमि लगी हुई है। जिसका खसरा नंबर 320/5, रकबा 1.6330 हे. है। जिसमें चूना पत्थर खनन पट्टा सुनील कुमार गोदवानी के नाम से है। चूंकि आवेदक विजय कुमार की भूमि लगी होने के कारण उक्त ठेकेदार सुनील कुमार ने उसकी जमीन से भी करोडों रुपए का पत्थर बोल्डर निकाल लिया है। जिसकी निष्पक्ष जांच करवाकर रायल्टी राजस्व ठेकेदार से वसूल किया जाए।



### उत्खनन के बाद जमीन खरीदने की साजिश

वर्तमान में पट्टेदार द्वारा रायल्टी चोरी को छुपाने एवं बचाने के लिए आदिवासी आवेदक विजय कुमार की भूमि को अपने मित्रों, रिश्तेदारों सतीश कुकरेजा, प्रदीप लेखवानी एवं लालचंद किंगरानी के नाम से खरीदने के लिए आवेदन लगाया है। अतः उपरोक्त जमीन की बारीकी से गहन जांच कराकर पट्टेदार से शासकीय राजस्व के नुकसान की भरपाई करने का अनुरोध किया गया है।

### क्रेशर प्लांटों का निरीक्षण

खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम डुमरडीहकला स्थित क्रेशर प्लांटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रेशर संचालकों द्वारा वाटर स्प्रिंकलर से क्रेशर प्लांटों में पानी छिड़काव करना पाया गया। क्रेशर संचालकों को भविष्य में धूल डस्ट का सतत नियंत्रण करने हेतु नियमानुसार उपाय करने निर्देशित किया गया। इस दौरान बिना पिटपास के खनिज चूना पत्थर के अवैध परिवहन के संलिप्त चार हाईवा वाहनों को जब्त किया गया, जिसे पुलिस थाना सुकुलदैहान एवं ठेलकाडीह की अभिरक्षा में रखा गया है तथा अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। खनिज विभाग की टीम द्वारा जिले में संचालित क्रेशरों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर, खनिज विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### खदान से लगी जमीन में अवैध उत्खनन

धनेन्द्र साहू द्वारा अपने शिकायत पत्र में आवेदक द्वारा सामान्य वर्ग को भूमि विक्रय करने की अनुमति आवेदन पर आपत्ति प्रस्तुत करते हुए बताया गया है कि आवेदक की भूमि खसरा नंबर 320/6 के बगल में पीछे तरफ मेरी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी साहू के नाम पर भूमि है। जिसका खसरा नंबर 320/8 है। उक्त भूमि तथा आसपास की सभी जमीनों पर खनिज पट्टा उत्खनन हेतु स्वीकृत है। आवेदक की भूमि के बगल में स्थित भूमि खसरा नंबर 320/5 में 2.00 एकड़ क्षेत्र पर सुनील कुमार गोदवानी को खनिज शाखा राजनांदगांव से बोल्डर पत्थर, चूना पत्थर निकालने का पट्टा स्वीकृत है। पट्टेदार द्वारा 20-25 वर्षों से स्वीकृत क्षेत्र के अलावा खसरा नंबर 320/5 के शेष बचत भाग एवं खसरा नंबर 320/6 के कुल रकबा के आधे हिस्से में पीछे की तरफ से अवैध पत्थर उत्खनन कर लगभग 60 से 80 फीट गहरा कर पत्थर निकाला गया है एवं शासन को करोड़ों रुपए की रायल्टी का नुकसान किया गया है तथा केशर मशीन चलाने हेतु भी कोई लाईसेंस पट्टेदार द्वारा नहीं लिया गया है।

## सनातन धर्म परिषद सभा में हुआ साधु-संतों का समागम



**राजनांदगांव।** सनातन धर्म परिषद सभा में देशभर से आए साधु संतों का आगमन हुआ। यहां सभी संतों का समागम का एक साथ संगोष्ठी समागम का कार्यक्रम रखा गया।

सनातन धर्म परिषद सभा के छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि वीआईपी नगर फेस-टू भिलाई में सनातन धर्म परिषद के प्रदेश संयोजक विष्णु पाठक के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा समाप्ति पश्चात देशभर से आए सनातन धर्म परिषद के साधु-संतो का समागम का आयोजन रखा गया है। जिसमें साधु-संतों ने आदिकाल से चले आ रहे हम सबके सनातन धर्म व सनातन संस्कृति को देशभर में एकजुट होकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने सर्वसहमति से निर्णय लिया गया। जिसमें उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मथुरा, अयोध्या, काशी, उज्जैन के साधु-संतो ने समागम में शामिल हुए।

इसमें महामंडलेश्वर अवध बिहारी दास, प. अरूण मिश्रा, आचार्य वेदप्रकाश, सुरेंद्र गौतम शास्त्री, स्वामी भगवान गिरी, स्वामी सत्यानंद महाराज, प्राचार्य शशि भुषन, इंद्रपाल दास, राघवेन्द्र दास, छोटू पांडय, प्रेमप्रकाश पांडय, छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, प्रियंक सोनी, कमल शर्मा, सुंदर लाल, दिनेश पुरोहित, मनोज गुप्ता व अन्य शामिल थे। उक्त जानकारी जिला महामंत्री मनोज गुप्ता ने दी।

## बैटरी-डीजल चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रेक्टर की बैटरी, अल्टीनेटर एवं डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 दिसंबर को प्रार्थी ने रिपार्ट दर्ज कराया कि 13 दिसंबर को शाम करीबन साढे 5 बजे अपने ट्रेक्टर को घर के पीछे बाड़ी में रोज की तरह खड़ा किया था। 14 दिसंबर के सुबह साढे 7 बजे देखा तो ट्रेक्टर के बोनट को खोलकर एक नग बैटरी कीमती 5500 रुपए, 1 नग अल्टीनेटर कीमती 5000 रुपए एवं 30 लीटर डीजल कीमती 2850 को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



### चोरी का सामान बरामद

पुलिस के अनुसार इस मामले में घटनास्थल निरीक्षण में घटनास्थल पर एक छोटा फिट पाना जिसमें गुलाबी रंग का नेल पेंट लगा मिला। जिसके संबंध में प्रार्थी व आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया, जो पूछताछ के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि उक्त हुलिया का पाना गांव के किसन कुमार कंवर के पास देखा गया है। उक्त आधार पर संदेही किसन कुमार कंवर को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया, जो घटनास्थल में मिला फिट पाना उनका होना व अपराध घटित करना स्वीकार किया। आरोपी किसन कुमार कंवर के निशानदेही पर चोरी गए संपति एक नग बैटरी, 1 नग अल्टीनेटर एवं 10 लीटर डीजल कीमती 11450 रुपए को आरोपी के घर से गवाहों के समक्ष बरामद किया गया। चोरी किए गए 20 लीटर डीजल को अपने गाड़ी में खपत कर खर्च कर देना बताया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल निरूद्ध किया गया।

## भाजपा सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को नारी सम्मान की रक्षा और किसान सम्मान के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक सशक्तीकरण के लिहाज से ऐतिहासिक बताया है।

श्री राजपूत ने प्रदेश की भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते कहा कि हर क्षेत्र में आज प्रदेश की महिलाएं विकास की मुख्यधारा के केन्द्र में है। महतारी वंदन योजना का लाभ उठाकर महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है और किसानों को भाजपा की सरकार में बिना परेशानी के 21 क्विंटल धान 3100 रुपए में बेचकर आसानी से एकमुश्त पैसा पा रहे हैं।

### जिला अब विकास के पहिये पर सवार

श्री राजपूत ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा विगत 15 वर्षों में जो जनहित में खाद्यान्न योजना शुरू की थी, वह पूरी पारदर्शिता के साथ वर्तमान में चल रही है। आवास योजना के तहत तेजी से आवासों का निर्माण किया जा रहा है, जो 18 लाख आवास कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में रोक रखे थे, वो पूरे बनकर तैयार हो चुके हैं।

## जिला भाजपा की संगठन बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के पदाधिकारियों एवं जिला पंचायत, जनपद निगम के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक मंगलवार को प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री गजेंद्र यादव ने भाजपा के अनुशासन एवं कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते कहा कि उन्होंने देश के अधिकाधिक प्रदेशों का दौरा किया है, परंतु छत्तीसगढ़ जैसे अनुशासित और संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता कहीं-कहीं दिखे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा के कार्यकर्ता संगठन के साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार जनता की सेवा में लगी हुई है। मंत्री यादव ने कहा कि जमीन के बढ़े हुए दरों की समस्या पर मुख्यमंत्री ने तुरंत ही संज्ञान लेते इस विषय में लोगों को राहत प्रदान की।

बैठक में पदाधिकारियों का परिचय जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कराया। संगठन प्रभारी एवं दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि राजनांदगांव की चारों विधानसभा में भाजपा का झंडा फहराने हेतु वह लगातार इस क्षेत्र पर आते रहेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर आने वाले चुनाव में भाजपा का परचम राजनांदगांव के साथ-साथ शेष क्षेत्रों में फहराएंगे। जितेंद्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं को चुनाव पुनरीक्षण अभियान एवं आत्मनिर्भर भारत का महत्व बताते अपनी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। बैठक में वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक बातें बताई और नवनियुक्त संगठन प्रभारी तथा प्रभारी मंत्री से लगातार सक्रियता का आग्रह करते कहा कि आपकी सतत सक्रियता से जिले की तीन विधानसभाओं की शून्यता समाप्त होगी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं आभार प्रदर्शन डिकेश साहू ने किया।



इस दौरान जितेंद्र साहू, योगेश दत्त मिश्रा, खूबचंद पारख, रामजी भारती, रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, राजेन्द्र गोलछा, किरण वैष्णव, किरण साहू, अशोक चौधरी, रविंद्र वैष्णव, रोहित चंद्राकर, तरुण लहरवानी, जगजीत सिंह भाटिया, देवकुमारी साहू, किरण बारले, मीना पुजेरी, भावेश बैद, सत्यप्रकाश मिश्रा, रविन्द्र वैष्णव, प्रीति ताम्रकार, ऋषिदेव चौधरी, बंटी लाल, जैन मेश्राम, मूलचंद लोधी, त्रिगुण टांक, मुकेश शर्मा, मनीष गोलछा, इशांत शर्मा, देवेन्द्र यादव, अमर लालवानी, रवि सिन्हा, रघु शर्मा, पारस वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्कार्पियों की ठोकर से मोपेड सवार की मौत

**राजनांदगांव।** पाटेकोहरा पुराना बेरियर के पास लापरवाही से भागती स्कार्पियों वाहन के चालक ने मोपेड सवार को ठोकर मार दिया। जिससे मोपेड सवार की मौत हो गई। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग 9-10 बजे पुराना बेरियर पाटेकोहरा के पास राजनांदगांव से बागनदी की ओर जा रही स्कार्पियों वाहन के चालक ने मोपेड सवार मुकेश साहू 24 वर्ष रामपुर निवासी को ठोकर मार दिया। पुलिस के अनुसार इस घटना में मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार हेतु रायपुर चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में जांच कर रही है।

## माया ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक

**राजनांदगांव।** तेलंगाना में 10 से 20 दिसंबर तक आयोजित 32वीं सीनियर एनटीपीसी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते कुल चार पदक अर्जित कर राज्य को गौरवान्वित किया है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के कैलाश मुरारका ने दी।

श्री मुरारका ने बताया कि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ की ओर से 36 तीरंदाज, कोच एवं मैनेजर सहभागिता कर रहे थे। प्रतियोगिता के इंडियन राउंड वर्ग में राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। बालिका टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ की टीम ने झारखंड को पराजित करते स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं अन्य स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। संघ के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त किया कि आगामी दिनों में रायपुर में आयोजित होने वाली जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी ये खिलाड़ी राज्य को गौरवान्वित करेंगे। प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले की बेटी माया बघेल ने टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जिले सहित छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया।



## जिला भाजपा ने नितिन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर जिला भाजपा ने बधाई दी।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, रमेश पटेल, दिनेश गांधी, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, राजेंद्र गोलछा, जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, रोहित चंद्राकर, देवकुमारी साहू, जागृति यदु, जगजीत भाटिया, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी व डिकेश साहू, कोषाध्यक्ष भावेश बैद, मूलचंद लोधी, रवि सिन्हा, त्रिगुण टांक, रघुवीर वाधवा सहित अन्य नेताओं ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नीतिन नवीन की नियुक्ति पर बधाई देते एक स्वर में कहा कि नितिन नवीन का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता और समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाएगा। जिला भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते कहा कि आने वाले समय में नितिन नवीन की कार्यकुशलता से भाजपा पुनः देश में अपना परचम फहराएगी।

## जिला राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने आशीष

**राजनांदगांव।** जिला राईस मिल एसोसिएशन की सोमवार को आहूत एक बैठक में सर्वसम्मनित से आशीष खंडेलवाल को राईस मिल एसोसिएशन का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री खंडेलवाल इसके पूर्व भी इस दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। बैठक में उपाध्यक्ष पद के लिए मनदीप अरोरा और अमित अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष पद रिची भाटिया नियुक्त किया गया है। वहीं सचिव पद के लिए विक्की डागा को मनोनीत किया गया है।



# पार्षद की पहल पर मिल रही तकनीकी शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड विकास के साथ शिक्षा को लेकर सजग शहर के मोहारा वार्ड के पार्षद आलोक श्रोती एक और पहल करते अपने वार्ड के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ रहे हैं। इसके लिए वह उन्हें निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने इस वार्ड के स्कूल को बिना शासकीय मदद के मॉडल बनाया। वहीं अब वार्ड के विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा का तकनीकी ज्ञान दिलाने जुटे हुए हैं।

आधुनिकता के बीच एआई के दौर में कंप्यूटर का तकनीकी ज्ञान हर क्षेत्र में काफी आवश्यक हो गया है। शासकीय नौकरी से लेकर प्राईवेट सेक्टर में कंप्यूटर ज्ञान की काफी महती आवश्यकता नजर आती है। डिजिटलाइजेशन के दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पेपरलेस कार्यो को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में युवा पीढ़ी को कंप्यूटर का ज्ञान होना काफी आवश्यक है। शहर का वार्ड नंबर 47 मोहरा श्रमिक बाहुल्य वार्ड है। वार्ड के पार्षद आलोक श्रोती ने एक अभिनव पहल की और वार्ड में सर्वे करते कक्षा 10वीं, 12वीं और कॉलेज में अध्यनरत विद्यार्थियों का एक बैच तैयार किया, जिन्हें कंप्यूटर शिक्षा के लिए प्राइवेट इंस्टिट्यूट में भेजा गया। यहां उन्हें 3 महीने का डिप्लोमा कोर्स कराया गया।

### नौकरी का मिलेगा अवसर



तीन महीने का सर्टिफिकेट कोर्स के लिए 3 हजार रुपए के करीब फीस थी, जो देने में विद्यार्थी सक्षम नहीं थे। पार्षद ने भविष्य में कंप्यूटर शिक्षा की अनिवार्यता को समझते ऐसे विद्यार्थियों को स्वयं के खर्चे पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिलवाया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र सत्येंद्र दुबे और छात्रा यशोदा यादव ने बताया कि उन्हें कंप्यूटर का तकनीकी ज्ञान दिलाने के लिए निःशुल्क मिले इस प्रशिक्षण से आगे भविष्य में नौकरी के लिए काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि काफी समय से टैली सीखने का मन था, जो इस कोर्स से पूरा हुआ है।

### आधुनिक शिक्षा से जोड़ना उद्देश्य

पार्षद आलोक श्रोती द्वारा 8 छात्राएं और 4 छात्रों को प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके पीछे सोच को लेकर उन्होंने कहा कि वार्ड में प्रतिभावान बच्चे हैं, लेकिन आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के चलते शिक्षा के क्षेत्र में पीछे हो रहे थे। पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। कंप्यूटर शिक्षा आज के समय में बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि वार्ड के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों को वह कंप्यूटर डिप्लोमा और एआई कोर्स करवा पाए।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202512091900014**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

विषय : ब-121 सन : 2025-2026

डोंगरगांव (प ह न. 00023) [(हे.)],

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार - बुधयारिण नम्मू रक्षा

अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बुधयारिण नम्मू रक्षा पति नम्मू रक्षा निवासी ग्राम बेथाकाठी. गढ़चिरोली, महाराष्ट्र के द्वारा आवेदक अपने स्वयं बुधयारिण नम्मू रक्षा पिता मन्नालाल का जन्म दिनांक 01.01.1974 को ग्राम व तहसील डोंगरगांव में हुआ है। भूलवश स्थानीय रजिस्टार के पास दर्ज नहीं कराया गया। आवेदक अपने स्वयं बुधयारिण नम्मू रक्षा पिता मन्नालाल का जन्म तिथि दर्ज किये जाने स्थानीय रजिस्टार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22.12.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.12.2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) Pyare Lal Nag
तहसीलदार
तहसील - डोंगरगांव (छ.ग.)



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025



# तीन जिले में 28% किसानों ने बेचा धान, अगले 45 दिनों में 72% से खरीदी की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रदेशभर में पिछले 15 नवंबर से शुरु हुई धान की सरकारी खरीदी में अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक महज 28 फीसदी किसानों से 24 फीसदी धान की खरीदी ही हो पाई है। समितियों की खरीदी लिमिट में इजाफा नहीं होने का सीधा असर खरीदी की रफ्तार पर देखने को मिल रहा है। जबकि अब शेष महज 45 दिनों में 72 फीसदी किसानों से उपज खरीदने की चुनौती प्रशासन के सामने है।

ज्ञात हो इन 45 दिनों में भी लगभग 30 फीसदी दिनों में खरीदी अवकाश के चलते बंद रहने वाली है। ऐसे में यदि आने वाले दिनों में खरीदी लिमिट नहीं बढ़ाई गई तो अंतिम मोहलत तक बड़ी संख्या में किसान धान बेचने के लिए इंतजार ही करते रह जाएंगे। जबकि पिछले दिनों समिति प्रबंधकों की बैठक में अधिकांश ने खरीदी लिमिट में इजाफा किए जाने की ही मांग की थी। प्रबंधकों का कहना था कि लिमिट कम होने से गिनती के किसानों से ही रोजाना खरीदी हो पा रही है। वहीं दूसरी तरफ खरीदी लिमिट नहीं बढ़ने और उठाव की रफ्तार धीमी होने से केंद्रों में बफर लिमिट पार हो रही है। कई केंद्रों में अब धान रखने के लिए जगह की दिक्कतें सामने आने लगी है। इधर अविभाजित जिले में उठाव की रफ्तार भी तेज नहीं हो पा रही है। बताया गया कि अब तक जिले में लगभग 58 राईस मिलर्स से परिवहन के लिए अनुबंध किया गया है, जबकि जिले में ही 90 से अधिक राईस मिलर्स है। वहीं डीओ काटने की मात्रा भी शुरुआती दिनों में कम ही बताई जा रही है।

## धान खरीदी को शुरु हुए बीते एक महीने, टारगेट के मुकाबले अब तक 24 फीसदी ही खरीदी

### 174 केंद्रों में हो रही खरीदी

अविभाजित जिले की 174 समितियों के जरिए धान की खरीदी की जा रही है। राजनांदगांव जिले में इस बार धान बेचने के लिए 131411 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है, जिसमें से अब तक 42400 किसानों ने अपनी उपज बेच ली है। वहीं केसीजी जिले में 70817 किसान पंजीकृत है, जिसमें 22203 किसान ने धान बेच लिया है। ऐसे ही एमएमसी जिले में पंजीकृत 43525 किसानों में से 11795 ने धान बिक्री कर ली है।

### खास बातें

- 14 नवंबर से 31 जनवरी तक होगी धान की खरीदी
- पिछले साल के मुकाबले इस बार खरीदी पिछड़ी, 40% कम खरीद



### 144 लाख क्विंटल का लक्ष्य

अविभाजित जिले में 144 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट है। इसमें राजनांदगांव जिले में 76.25 लाख क्विंटल में से अब तक 21.57 लाख क्विंटल, केसीजी जिले में 44 लाख क्विंटल में से 12.95 लाख क्विंटल और एमएमसी जिले में 23.75 लाख क्विंटल में से 5.80 लाख क्विंटल धान की खरीदी कर ली गई है। खरीदी के मामले में सबसे पीछे एमएमसी जिला चल रहा है।

## तेंदुए को लेकर दो वन मंडल अलर्ट, कई गांव में दहशत

# जंगल में तेंदुए का शिकार, पंजे नाखून निकालकर आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

खैरागढ़-डोंगरगढ़ के बीच स्थित वन ग्राम बनबोड़ क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक वयस्क तेंदुए की निर्मम हत्या कर दी गई। शिकारियों ने तेंदुए के पंजे, नाखून और जबड़े के दांत काटकर ले गए। जिससे यह मामला सीधे तौर पर संगठित अवैध शिकार की ओर इशारा करता है।

जानकारी के अनुसार खैरागढ़ वनमंडल के कोपेनवागांव-मुढ़ीपार क्षेत्र में सोमवार सुबह तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। जंगल से कुछ दूरी पर राजस्व भूमि में पड़े शव ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। ग्रामीणों द्वारा सोमवार सुबह तेंदुए को मृत अवस्था में देखे जाने के बाद तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**संदिग्धों से पूछताछ जारी :** इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं घटनास्थल को सुरक्षा बलों के साथ सील कर दिया गया है। गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड को भी जांच में शामिल किया गया है और आसपास के गांवों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। वन विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण नियमों के तहत तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### होगी कार्रवाई

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और यदि अवैध शिकार या आपराधिक गतिविधि की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

\- आरके टंडन, रेंजर



### तेन्दुए के पैरों के नाखून गायब



प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। तेंदुए के चारों पैरों के नाखून गायब थे और उसका जबड़ा भी शव के पास नहीं मिला। घटनास्थल के आसपास खून के धब्बे पाए गए हैं। जिससे यह आशंका गहराती जा रही है कि तेंदुए की हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को यहां लाकर फेंका गया।

## छुरिया के जंगल में दिखा तेंदुआ, गांव में अलर्ट

**छुरिया।** राजनांदगांव जिले के छुरिया इलाके के जंगल में एक बार फिर तेंदुआ दिखाई दिया है। सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे तेंदुए के वीडियो में वह पहाड़ी इलाके में विचरण करते हुए नजर आ रहा है। इधर तेंदुए की आहट मिलते ही वन विभाग ने भी अपनी टीम को मौके पर भेजकर ट्रैप कैमरे लगा दिए हैं। हालांकि अब तक विभाग को तेंदुए की सही लोकेशन नहीं मिल पाई है।

हालांकि अंचल के लोगों में वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि छुरिया इलाके में पिछले कुछ समय से लगातार तेंदुए की दस्तक देखने को मिला है, लेकिन इसके बावजूद जवाबदार वन विभाग कोई ठोस प्लानिंग मॉनिटरिंग के लिए नहीं कर पाया है। वहीं इस बार भी तेंदुआ दिखाई देने के बाद लोगों को अलर्ट करने में विभाग कमजोर नजर आ रहा है। जबकि कल तेंदुआ लाममेटा के रमेश जैन, रितेश जैन के फार्म हाउस के पास रात्रि में दिखाई दिया।



### वन में अंधाधुंध हो रही कटाई

ग्रामीणों का कहना है कि वन्यजीव संरक्षण की व्यवस्था कमजोर पड़ रही है। वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि इलाकें में वनों की लगातार अंधाधुंध कटाई हो रही है। बढ़ते निर्माण कार्य और कमजोर निगरानी के कारण जंगलों का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। इसके चलते जंगली-जानवर भोजन, पानी और सुरक्षित ठिकाने की तलाश में गांवों की ओर रूख कर रहे हैं।

### लाममेटा में तेंदुआ, लोकेशन तलाश रहे

मिली जानकारी के अनुसार एक दिन पहले ही लाममेटा के पास के जंगल में तेंदुआ को देखा गया। जंगल के आसपास तेंदुआ लगातार विचरण कर रहा है। ज्ञात हो कि लाममेटा मार्ग जंगल से घिरा हुआ है। आसपास गांव के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करने यहां आते है। इस मार्ग पर ग्रामीण सुबह से मार्निंग वॉक के लिए भी जाते हैं। ऐसे में तेंदुए की सही लोकेशन नहीं पता होने से बड़े खतरे की आशंका बनी हुई है।

# धान की फसल पर प्रतिबंध, भड़के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रदेश किसान संघ द्वारा अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर शहर में स्वाभिमान रैली निकाली गई। इससे पहले किसानों ने जयस्तंभ चौक पर किसान सभा का आयोजन किया। वहीं रबी में धान की फसल पर लगाए जा रहे प्रतिबंधन और किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश और केंद्र सरकार को घेरा। किसानों ने रैली निकालकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम मांगे पूरी करने ज्ञापन सौंपा।



छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान संघ द्वारा आयोजित किसान सभा में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान किसानों ने अपने विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि राजनांदगांव से किसान स्वाभिमान रैली की शुरूआत हो रही है, जो किसानों के विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेशभर में निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में कई समस्याएं हैं। इस वर्ष केंद्र सरकार ने 186 रुपए खरीदी में वृद्धि की है, लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। वहीं वर्ष 2023 में सरकार बदलने के बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त रोक दी गई है। खरीदी केन्द्रों में किसानों से प्रति कट्टा 6 से 8 रुपए की अवैध वसूली हो रही है। जबकि स्पष्ट है कि सरकार द्वारा प्रासंगिक व्यय दिया जाएगा। जिसमें ट्रैक्टर से धान उतारना, बोरों में भरना, छल्ली लगाना शामिल है, लेकिन इसके लिए रुपए किसानों से वसूले जा रहे हैं। प्रशासन प्रदर्शित नहीं अपना रही है। हर खरीदी केंद्र में हमालों को पैसा नहीं देना है, यह सूचना कहीं नहीं लगाई गई है।

**किसानों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी :** किसानों की स्वाभिमान रैली शहर के जयस्तंभ चौक से होते हुए विभिन्न मर्गों से होते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची। यहां किसानों ने कलेक्टर के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा है। वहीं किसानों द्वारा मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी रैली के माध्यम से दी गई है।

### स्वाभिमान को पहुंच रही ठेस

अपने प्रदर्शन के माध्यम से किसानों ने कहा कि प्रदेश में बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी पूर्व से की जा रही है। जिसमें किसान या उसके नॉमिनी का उपस्थित होना अनिवार्य होता है। अब खरीदी केन्द्रों में किसानों के प्रवेश के दौरान किसानों के वाहन के साथ फोटो लिया जाना अनिवार्य किया गया है। इससे किसानों के स्वाभिमान को ठेस पहुंच रही है।

### 12 सूत्रीय मांग पर आंदोलन

किसान स्वाभिमान रैली के माध्यम से किसानों ने धान खरीदी केन्द्रों में प्रवेश के समय फोटोग्राफी बंद करने, खरीदी केन्द्रों में दैनिक खरीदी सीमा बढ़ाने, खरीदी केन्द्रों में अनलोडिंग-पलटी के नाम पर अवैध वसूली बंद करने, गिरदावरी एवं पंजीयन में विसंगतियों को दूर करने, ऋण अदायगी पश्चात पुनः रबी हेतु ऋण की व्यवस्था विगत वर्षों की भांति करने, धान का समर्थन मूल्य बढ़ोतरी का लाभ देते 3286 रुपए की दर से एकमुश्त भुगतान करन, बीते वर्ष की समर्थन मूल्य वृद्धि 170 रुपए हेतु अंतर की राशि का भुगतान करने, राजीव गांधी न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त का भुगतान करने सहित विभिन मांगे रखी है। इस दौरान काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### मॉय एंगल




# घायलों की मदद करने सुरक्षा किट वितरित

**मोहला।** दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मदद करने वाले पुलिस मितानों को पुलिस ने सुरक्षा किट वितरण किया। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में एएसपी पीताम्बर पटेल, सीएसपी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी एएसआई शेषनारायण देवांगन एवं यातायात टीम के कुशल नेतृत्व में जिले के सड़क सुरक्षा मितानों को पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा मितान किट वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों को प्राथमिक सहायता प्रदान करने के दौरान आवश्यक उपकारणों की आवश्यकता को ध्यान में रखते प्रदत्त किट को प्रत्येक सड़क सुरक्षा मितानों को पुलिस मितान किट बैग, जिसमे सेफ्टी बैग, रस्सी, चाकू, रिफ्लेक्टिव जैकेट, टॉर्च, सड़क पर रखने हेतु रिफ्लेक्टर, दस्ताने, पानी की बोतल एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण शामिल है। साथ ही मितानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।



# खेत से केबल चोरी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- 15 खेत के किसानों ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

खेत में लगे पंप के केबल वायर, मोटर पंप, झटका मशीन चोरी के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सोमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी एवं ग्राम ईरा में ग्रामीणों द्वारा 9 से 12 दिसंबर के मध्य ग्राम खुटेरी ईरा खार से 15 किसानों के खेत से 1 नग सबमर्सिबल पंप, 2 नग सोलर झटका मशीन, पानी मोटर तथा करीबन 2 हजार मीटर लंबा केबल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट थाना सोमनी में दर्ज कराया गया था।

### स्कूटी व केबल तार जब्त

पुलिस के अनुसार इस मामले में सोमनी पुलिस की टीम गठित कर मुखबीर एवं तकनीकी साइबर सेल के सहयोग से संदेही तीरथ कुमार साहू 27 साल बैगापारा के पास लखोली को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर 9 दिसंबर की दरम्यानी रात्रि एवं 11 दिसंबर को अपने दोस्त दुर्लभ देवार व अन्य सहयोगी एवं नाबालिगों के साथ ग्राम खुटेरी एवं ईरा खार में केबल तार, सबमर्सिबल पंप, पानी मोटर की चोरी करना बताया। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त 2 नग स्कूटी तथा चोरी की 100 फीट केबल को जब्त किया गया है। आरोपी तीरथ कुमार साहू एवं नाबालिक के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**न्यूरोलॉजी विभाग**
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

**हृदय रोग विभाग**
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## विधानसभा में अंजोर विजन डोक्युमेंट 2047 पर विधायक ने रखे अपने विचार

# भावना बोहरा ने पंडरिया क्षेत्र के स्वास्थ्य, शिक्षा सिंचाई सुविधा और विकास का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के साथ ही शीतकालीन सत्र की भी शुरुआत हुई। इस अवसर पर अंजोर विजन डोक्युमेंट



2047 पर विशेष चर्चा रखी गई, जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी सहभागिता निभाते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों को सदन के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र और उसके अंतर्गत आने वाले वनांचल क्षेत्रों की बहुप्रतीक्षित मांगों को भी प्रमुखता से रखा और कहा कि जिला स्तरीय सुविधाओं का विस्तार हर गांव और ब्लॉक तक होना चाहिए, जिससे प्रदेश के ग्रामीण विकास और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसे ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने जा रहे हैं, जो आने वाली शताब्दियों तक हमारे प्रदेश के संसदीय इतिहास में अंकित रहेगा। रविवार को विधानसभा के रजत जयंती वर्ष का समापन दिवस है और हम अपनी विधानसभा का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर नवीन विधानसभा भवन में पहला सत्र एक नई शुरुआत, एक नए उद्घोष और नई ऊर्जा का संकेत है। शीतकालीन सत्र का यह प्रथम दिवस अपने-आप में ऐतिहासिक है और आपकी अध्यक्षता में इस दिवस का विषय भी ऐसा चुना गया है, जो आने वाले दशकों में न केवल छत्तीसगढ़ की दिशा और गति सुनिश्चित करेगा, बल्कि एक नए अंजोर और नए छत्तीसगढ़ की परिकल्पना भी प्रस्तुत करता है। आज हम इस भव्य सदन में बैठकर विजन 2047 पर चर्चा कर रहे हैं, तब मैं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को याद करना चाहती हूँ, जिन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐसा निर्णय लिया, जहां राजनीतिक लाभ नहीं, बल्कि जनभावना का सम्मान समाहित था। मैं नमन करती हूँ इस राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी को और छत्तीसगढ़ निर्माण में समर्पित हर उस आवाज को, जिनके विजन से आज हम अपने विधान बनाने के लिए एक पृथक राज्य में मौजूद हैं। भावना बोहरा ने कहा कि जब हम वर्ष 2000 में एक नया राज्य बने, तब प्रदेश की स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी यहां भूख से मौतें हो रही थीं, पलायन और बीमारू राज्य की छवि बनी हुई थी, न शिक्षा थी, न स्वास्थ्य, न सुरक्षा थी, न सड़क, चारों ओर अंधकार, भय, हिंसा और अव्यवस्था थी। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में जब 15 वर्षो तक प्रदेश में भाजपा की सरकार रही, तब छत्तीसगढ़ अंधकार से उजाले की ओर और बीमारू से विकास की ओर आगे बढ़ा।

15 वर्षो के सुशासन में छत्तीसगढ़ ने तीव्र गति से विकास किया। किसानों को ब्याज-मुक्त ऋण प्रदान किया गया, फसल उपज में अभूतपूर्व वृद्धि हुई और धान खरीदी 5 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 70 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचाई गई। 58 लाख गरीब परिवारों को 1 रुपए किलो चांवल देने की योजना लागू की गई, जिससे हर गरीब की थाली तक भोजन पहुंचा। भोजन का अधिकार विधेयक पारित कर छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बना, जिसने हर गरीब को भोजन का अधिकार दिया। बिजली उत्पादन क्षमता 4,732 मेगावाट से बढ़ाकर 22,768 मेगावाट की गई और छत्तीसगढ़ देश का पहला जीरो पावर कट वाला राज्य बना।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 40 हजार से अधिक स्कूलों, अनेक महाविद्यालयों और 10 मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हुआ। साथ ही नीट, आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम, एचएनएलयू और एआईआईएमएस जैसे राष्ट्रीय संस्थान स्थापित किए गए। राज्य का बजट 9,270 करोड़ से बढ़कर 94,775 करोड़ रुपए हुआ। नक्सलवाद के विरुद्ध 1 लाख जवानों की भर्ती कर डीआरजी बटालियन बनाई गई और खनिज संपन्न जिलों के विकास हेतु वर्ष 2015 में डीएमएफ की स्थापना की गई। राज्योत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डेढ़ दशक के इस योगदान को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया था, जो हम सभी के लिए गर्व का क्षण था। आज हम 25 वर्ष के युवा छत्तीसगढ़ में हैं। यह समय भविष्य निर्माण का अवसर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इस युवा छत्तीसगढ़ ने अपने भविष्य की नीति को लिपिबद्ध कर लिया है। छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के आने वाले स्वर्णिम युग का पूर्व रचित ग्रंथ है।

### छत्तीसगढ़ समृद्धि व खुशहाली की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा



भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसान, युवा, महिला, आदिवासी के हितों के साथ ही प्रदेश में अधोसंरचना निर्माण, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे हर क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता के जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है उनकी आकांक्षाएं पूरी हो रही है और छत्तीसगढ़ समृद्धि एवं खुशहाली की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने के साथ ही जनता के विकास को भी प्राथमिकता के साथ जो रोड मैप प्रस्तुत किया वह सराहनीय और प्रदेश एवं जनता की हितों को नई गति देगा। सबका साथ सबका विकास के हमारे लक्ष्य को एक नई दिशा देने वाले इस विजन डॉक्यूमेंट में विकास का विजन, उन्नति की मंशा और नए छत्तीसगढ़ का मिशन निहित है। इस विजन डॉक्यूमेंट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा है और विकसित भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने का संकल्प है। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत अंजोर विजन डॉक्यूमेंट का स्पष्ट लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक छत्तीसगढ़ एक पूर्ण विकसित, आत्मनिर्भर, समृद्ध और खुशहाल राज्य बने। इस विजन के मुख्य स्तम्भ हैं सुरक्षा, सुशासन और संतुलित विकास। छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की आकांक्षा है।

### हर ब्लॉक और गांव तक हो सुविधाओं का विस्तार

भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा के समक्ष पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं जनहित के विषयों को मुखरता से रखते हुए वहां की मूलभूत समस्याओं से भी सदन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले स्तर की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का विस्तार हर ब्लॉक और गांव तक पहुंचना चाहिए, खासकर वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क , बिजली, पानी, अधोसंरचना निर्माण एवं वहां के निवासियों और किसानों की सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में हाफ नदी परियोजना का विस्तार, 5 मॉडल स्कूल एवं अस्पताल की स्थापना, प्राचीन एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों, मंदिरों का जीर्णोद्धार और पर्यथान स्थलों को चिन्हांकित कर भोरमदेव मंदिर कोरिडोर की भांति क्षेत्र के इन सभी प्रमुख स्थलों को प्राथमिकता से साथ उनका उन्नयन करने की बात सदन के समक्ष रखी ताकि पंडरिया क्षेत्र में स्थानीय रोजगार के नए अवसर मिले साथ ही अर्थव्यवस्था मजबूत बनें। उन्होंने शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार हो, व्यवस्थाएं जो उपलब्ध हैं उनका नियमित रूप से रख-रखाव सुनिश्चित हो, लैब में उपकरण की उपलबध्ता व डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना, वनांचल क्षेत्रों तक सिंचाई एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विकसित व सुविधायुक्त बनाने से ही विकसित छत्तीसगढ़ की नींव मजबूत होगी।



# सीनियर सिटीजन समिति ने कंबल, साड़ी और ट्रैक सूट वितरित किया

- मिनमिनिया, गजई-डबरी तथा घुघवा-दहरा के 300 लोगों को कंबल, साड़ियां वितरित की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पिछले डेढ़ दशक से प्रतिवर्ष सुंदूर वनांचल के जरूरतमंद लोगों को कड़कड़ाती ठंड से राहत देने के उद्देश्य को लेकर सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा द्वारा गर्म कंबल, साड़ी एवं बच्चों के कपड़े वितरित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गत दिनों रविवार 14 दिसंबर को बोड़ला विकासखंड के मिनमिनिया जंगल में सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के अध्यक्ष मदन तंबोली के नेतृत्व में 42 सदस्यों ने अपनी सेवा-धर्म का निर्वहन किया और मिनमिनिया, गजई-डबरी तथा घुघवा-दहरा के 300 लोगों को कंबल, साड़ियां तथा बालिकाओं को कपड़े तथा बालक आश्रम के 34 नन्हे बालकों को ट्रैक-सूट प्रदान किया साथ ही नेकी की दीवार सोच के तहत पहनने लायक अन्य कपड़े बड़ी संख्या में वितरित किए गए। ट्रैक सूट पाकर बच्चों के चेहरे की अविस्मरणीय मुस्कान देखने लायक था। ग्रेसियस नर्सिंग कॉलेज नेवारी के स्थानीय संचालक राजेश पांडेय ने कॉलेज की ओर से आश्रम के बच्चों को शर्ट वितरित किए साथ ही वाहन उपलब्ध कराया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वहीं ग्राम सरपंच बलराम नेताम, आश्रम अधीक्षक संदीप मानिकपुरी, शिक्षक चतुर सिंह मेंरावी, शाला संगवारी सुकदेव मेंरावी बड़ी सुंदर व्यवस्था की तथा कार्यक्रम के संपन्न होते तक साथ थें। सरपंच बलराम नेताम ने सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव के जरूरतमंदों को सहयोग किया।

सदस्य आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि सभी वस्तुएं सीनियर सिटीजन के सदस्य स्वयं के द्वारा राशि इकट्ठे करके खरीदे थे, जिसमें 200 रुपए से लेकर 10 हजार रुपए तक की राशि स्वेच्छापूर्वक दी गई थी। सीमित संसाधन और अधिकांश सदस्य पेंशनर एवं कुछ अन्य लोग होने के बाद भी अपनी सामाजिक सरोकार की जिम्मेदारी को हम लोग डेढ़ दशक से पूर्ण करते आ रहे हैं और संकल्पित हैं कि समाज सेवा के प्रत्येक कार्य में हम अपना योगदान करेंगे। वितरण कार्यक्रम में पंडरिया, सहसपुर लोहारा, बोड़ला तथा कवर्धा विकासखंड के सदस्य सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप

### अभ्युदय विद्यालय में विज्ञान बना अनुभव ने रचा जिज्ञासा का उत्सव

**हरिभूमि कवर्धा।** ज्ञान, जिज्ञासा और नवाचार के अद्भुत संगम का साक्षी बना अभ्युदय विद्यालय जहां विद्यालय द्वारा सार्थक एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाना,जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को रोचक प्रयोगों एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से सरल बनाना तथा उनमें तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण व स्वस्ति वाचन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशित मिश्रा व्याख्याता जंतु-विज्ञान शासकीय कन्या महाविद्यालय कवर्धा, विद्यालय प्राचार्य तोरण साहू, अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थें। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान को जादू-सरीखी रोमांचक शैली में प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थी मंत्रमुग्ध होकर प्रयोगों की कार्यप्रणाली को समझते दिखाई दिए।

# संस्कृति महिला ग्रुप के सदस्यों ने वनांचल में कपड़ें वितरण किया

## बच्चों से लेकर बुजुर्गों को गर्म कपड़ा दिया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर की संस्कृति महिला ग्रुप द्वारा विगत कई वर्षो से सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों से जनसेवा का निरन्तर कार्य करती रही हैं और इसी कड़ी में रविवार को दिन दूरस्थ वनांचल मे रहने वाले जरुरतमंद परिवार में वस्त्र वितरण ग्रुप की महिला सदस्यों के द्वारा किया गया। दुरस्थ वनांचल दीवानपटपर, छिंदीडीह, पुटपुटा, भाकुर से आगे रहने वाले ग्रामीण परिवारों के लगभग 150 छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं और बुजुर्गो को कपड़ें, स्वेटर, साड़ियां, शाल और कंबल बांटा गया। विद्या ड्रेसेस के संचालक गुरनाम सिंह छाबड़ा एवं गुरूनानक रेडिमेड के संचालक रिक्की छाबड़ा ने संस्कृति ग्रुप को विशेष सहयोग करते हुए वस्त्र वितरण हेतु पर्याप्त मात्रा में कपड़े उपलब्ध कराए। इस वस्त्र वितरण के नेक एवं सेवा कार्य की सफलता के लिए सहानुभूति पूर्व सहयोग करने वाले जनमानस का संस्कृति महिला ग्रुप के द्वारा आभार व्यक्त किया। वहीं वनांचल के बच्चो और बालिकाओं के चेहरे ठंड के मौसम में नए कपडें, स्वेटर पाकर खिल उठे। साथ ही महिलाएं और बुजुर्ग भी शाल, कंबल व कपड़े पाकर बहुत उत्साहित नजर आए। इस दौरान संस्कृति महिला ग्रुप से श्रीमती शैल बिसेन, श्रीमती उर्वशी चंद्रवंशी, श्रीमती अर्चना सिंह, श्रीमती श्रृद्धा कौशिक, श्रीमती मनीषा चंद्रवंशी के साथ प्रफुल्ल बिसेन, शंकर चंद्रवंशी, मुकेश कौशिक उपस्थित थें।

### डॉ. लव कुमार को पीएचडी की उपाधि

**कवर्धा।** जिले के ग्राम बद्दो निवासी डॉ लव कुमार वर्मा ने अपनी मेहनत, लगन और अटूट समर्पण के बल पर प्राणीशास्त्र विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि अर्जित कर जिले का नाम रौशन किया है। उन्होंने भारती विश्वविद्यालय दुर्ग (छत्तीसगढ़) के विज्ञान संकाय अंतर्गत अपना शोध सफलतापूर्वक पूर्ण किया। डॉ श्री वर्मा का यह शोध छत्तीसगढ़ की प्रमुख शिवनाथ नदी में पाई जाने वाली कुछ प्रवासी मछलियों की विविधता के वैज्ञानिक अध्ययन पर आधारित है। यह शोधकार्य विश्वविद्यालय के मार्गदर्शक डॉ समन सिद्दीकी के निर्देशन में संपन्न हुआ। विज्ञान संकाय की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा कुरूप, विद्या चंद्राकर एवं डॉ नीतू श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताते हुए डॉ वर्मा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# जिला भाजपा की संगठन बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




भाजपा के पदाधिकारियों एवं जिला पंचायत, जनपद निगम के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक मंगलवार को प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री गजेंद्र यादव ने भाजपा के अनुशासन एवं कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते कहा कि उन्होंने देश के अधिकाधिक प्रदेशों का दौरा किया है, परंतु छत्तीसगढ़ जैसे अनुशासित और संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता कहीं-कहीं दिखे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा के कार्यकर्ता संगठन के साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार जनता की सेवा में लगी हुई है। मंत्री यादव ने कहा कि जमीन के बढ़े हुए दरों की समस्या पर मुख्यमंत्री ने तुरंत ही संज्ञान लेते इस विषय में लोगों को राहत प्रदान की।

बैठक में पदाधिकारियों का परिचय जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कराया। संगठन प्रभारी एवं दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि राजनांदगांव की चारों विधानसभा में भाजपा का झंडा फहराने हेतु वह लगातार इस क्षेत्र पर आते रहेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर आने वाले चुनाव में भाजपा का परचम राजनांदगांव के साथ-साथ शेष क्षेत्रों में फहराएंगे। जितेंद्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं को चुनाव पुनरीक्षण अभियान एवं आत्मनिर्भर भारत का महत्व बताते अपनी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। बैठक में वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक बातें बताई और नवनियुक्त संगठन प्रभारी तथा प्रभारी मंत्री से लगातार सक्रियता का आग्रह करते कहा कि आपकी सतत सक्रियता से जिले की तीन विधानसभाओं की शून्यता समाप्त होगी।

### दो दिवसीय मानव संसाधन विकास व रबि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम रबी 2025.26 का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षणए संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर और कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा के सयुक्त तत्त्वधान में 12 एवं 13 दिसंबर को कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा मे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे लगभग कुल 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया जो मुख्यतरू प्रगतिशील किसान, किसान उत्पादक संगठन एवं किसान मित्र, कृषि सखी, महिला समूह के किसान उपस्थित थें। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ रीता सिंगारे वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ बीपी त्रिपाठी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख केवीके कवर्धा कबीरधाम के द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर पंडरिया-लघान में आयोजित

# सात दिवसीय नशा मुक्ति व विशेष स्वच्छता शिविर का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंडरिया व पंचायत लघान में दिनांक 08 से 14 दिसम्बर तक कार्यक्रम समन्वयक जैनेंद्र दीवान हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के आदेशानुसार तथा श्रीमती कामती सिंह परिहार जिला संगठक रासेयों के निरीक्षण एवं विनोद कुमार चंद्रवंशी कार्यक्रम अधिकारी रासेयों के नेतृत्व में आयोजित था, जिसका की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।

इस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घूरवाराम साहू अध्यक्ष नपं पिपरिया, शिवचरण पटेल उपाध्यक्ष, राजेंद्र चंद्रवंशी, कृपालु शर्मा, रामानुज चंद्रवंशी, भागवत चंद्रवंशी, प्राचार्य नंदकुमार शर्मा की गरिमामय में उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में आए हुए अतिथियों से स्वयंसेवकों ने अपने द्वारा किए गए कार्यो एवं प्रयासों का अनुभव साझा किया एवं अपने उद्देश्य प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य करने की इच्छा जाहिर की। समापन दिवस में स्वयंसेविका अनंता मेरावी, उमेद चंद्रवंशी, सीमा चंद्रवंशी चांदनी द्वारा सभी स्वयंसेवकों से मिलकर कार्य करने के लाभ बताएं। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच बलदेव चंद्रवंशी एवं ग्रामीणों द्वारा सभी स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार चंद्रवंशी के उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है, उन्होंने स्वयंसेवकों की उज्जवल भविष्य की कामना एवं शिविर की सफल संचालन के लिए बधाई प्रेषित किया। इस शिविर में हंसराज चंद्राकर व्याख्याता एवं रज्जबदीन खान का विशेष सहयोग रहा।

सात दिवसीय इस कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवक शिवरात्रि रहे, जिसमें अजय चंद्रवंशी योगाचार्य के द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी एवं योगाभ्यास स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को कराया गया एवं योग का महत्व समझाया गया बताया जाता है कि रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीतों और नाटक के माध्यम से युवाओं और ग्रामीणों को नशा से दूर रहने का संदेश एवं जन जागरूकता प्रसारित किया गया, जिसे ग्रामीणों ने सराहना की।

### बौद्धिक परिचर्चा में राष्ट्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास पर जोर

शिविर में दोपहर 3 से 5 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा के कालखंड में प्रतिदिन अलग-अलग वक्ताओं के द्वारा स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य सामाजिक समरसता एवं बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया गया, साथ ही साथ लोकनाथ देवांगन द्वारा साइबर क्राइम एवं मोबाइल के सही उपयोग की महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया, तृतीय दिवस अभिषेक पांडेय द्वारा बच्चों को सरल शब्दों में लक्ष्य की प्राप्ति एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराया गया, वहीं हलधर नाथ योगी, कमलकांत गुप्ता, कृपालु शर्मा ने बच्चों को जीवन में अनुशासन एवं सदाचार के गुण सिखाए, सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक महेश आमदे ने जिला के गौरवशाली इतिहास सकरी नदी का परिचय एवं जिला के स्वतंत्रता सेनानियों का नाम एवं ग्राम से परिचय कराया तथा उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद किया। वहीं पारसमणी शर्मा, तुकाराम साहू, युवा कलमकार द्वारा देशभक्ति गीतों द्वारा युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत किया गया।

# कोलेगांव धान खरीदी केंद्र में लिमिट नहीं बढ़ने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण किसान ग्राम बसनी, घोरपेंड्री, सूरजपुरा, खैलटूकरी, रेहुटा के किसान धान खरीदी केंद्र कोलेगांव के अंतर्गत आते हैं। जिस पर दिनेश पांडेय द्वारा सोमवार को धान खरीदी केंद्र कोलेगांव में पहुंचकर किसान एवं कर्मचारियों के बीच धान खरीदी को लेकर चर्चा व निरीक्षण किया गया और किसानों से बातचीत किया गया, वहीं ग्रामीण किसानों ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र कोलेगांव में टोकन के लिए भटक रहे हैं व धान खरीदी केंद्र का चक्कर लगा रहा है।

उन्होने बताया कि वर्तमान में 600 क्विंटल धान खरीदी हो रहा है, जबकि यह बड़ा धान खरीदी केंद्र कोलेगांव है, जिस पर ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन को किसान के समस्याओं को देखते हुए धान खरीदी केंद्र कोलेगांव के लिमिट को बढ़ाया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान की धान खरीदी हो सके। वहीं श्री पाण्डेय ने हमाली(मजदूरी) के पैसा को लेकर कर्मचारियों के साथ चर्चा किया गया, जिसमें पता चला कि आज भी ग्रामीण किसान अपने स्वयं के पैसा से धान पलटी किया जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीण किसान आज अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्र के ग्रामीण किसानों के बीच यही चर्चा चल रहा है आखिर सरकार स्पष्टीकरण क्यों नहीं कर पा रहा है क्यों? आदेश नहीं निकाला जा रहा है साथ ही साथ धान खरीदी केंद्र कोलेगांव में 10000 क्विंटल धान खरीदी हो गया है, लेकिन अभी तक एक बार भी उठाव कार्य नहीं हुआ है, जिससे समिति प्रबंधन व ग्रामीण किसान जगह की अभाव को लेकर चिंतित व परेशान नजर आ रहे है।

## खबर संक्षेप

### लघु व कुटीर व्यवसायों को मिलेगा ऋण

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अजा के लिए 11 इकाई का लक्ष्य रखा गया है। अजजा के लिए 5 इकाई का लक्ष्य कुल 16 इकाई का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस राज्य शासन के तहत विभिन्न लघु एवं कुटीर व्यवसायों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों के माध्यम से 1 से 3 लाख तक बैंक ऋण व बैंक स्वीकृत पश्चात 35 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। इसका लाभ लघु व कुटीर व्यवसायी उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सहायक संचालक खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग से संपर्क कर सकते है।

### जिले में 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को कबीरधाम जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के तहत जिले में संचालित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.-3 (ग) पर्यटन बार, मद्यभण्डारण भाण्डागार तथा मदिरा दुकानों से संलग्न सभी अहाते पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का किसी भी प्रकार का अवैध विक्रय, धारण एवं परिवहन न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

### तीन परिवारों को आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत तीन विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम बदनापानी निवासी सोनसिंह बैगा की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी भारतीनबाई को, ग्राम रक्से निवासी कन्हैयालाल की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके बहु हेमबाई और ग्राम बिरेन्द्रनगर निवासी कपिल नाबा की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता द्वारिका को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### महतारी वंदन योजना से बदल रही तस्वीर

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना अब ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी में वास्तविक बदलाव ला रही है। कबीरधाम जिले के ग्राम मझगांव की श्रीमती निशा साहू इस योजना की लाभार्थी हैं। वे बताती हैं कि उनके खाते में हर महीने नियमित रूप से 1 हजार रुपए की राशि जमा होती है। अब तक उन्हें 21 किस्तों में कुल 21 हजार रुपए का लाभ मिल चुका है। निशा साहू बताती है कि पहले तो एक रुपया भी अपने पास नहीं होता था। हर छोटी-बड़ी जरूरत के लिए घर के मुखिया पर ही निर्भर रहना पड़ता था।

---

**अनदेखीः** अधीक्षक कहीं बच्चों से धुलवा रहे कपड़े तो कहीं साफ करवाया जा रहा शौचालय

# जिले के आश्रम छात्रावासों की व्यवस्था बेलगाम, कार्यवाही शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आदिमजाति कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित आश्रम एवं छात्रवासों में पदस्थ अधीक्षकों की मनमानी और तानाशाही बेलगाम होते जा रही है। स्थिति ये है कि जिले के वनांचल में संचालित आश्रमों एवं छात्रावासों में अव्यवस्था, मनमानी, भर्राशाही एवं अध्यनरत विद्यार्थियों को प्रताड़ित किए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

सबसे ज्यादा बदहाल स्थिति जिले के वनांचल ईलाकों में संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों की है। बताया जाता है कि इन छात्रावासों एवं आश्रमों में पदस्थ अधीक्षकों की उपस्थित छात्रावासों एवं आश्रमों में शून्य है, ये सप्ताह में सिर्फ एकाध दिन ही उपस्थित होते हैं और अपनी हाजरी भरकर चले जाते हैं।

इस स्थिति में आश्रमो और छात्रावासों का संचालन यहां पदस्थ रसोईया और चोकीदार कर रहे हैं। हद तो यह है कि छात्रावासों और आश्रमों में अध्यनरत विद्यार्थी ही अपने कक्षों से लेकर शौचालयों तक की साफ सफाई करते नजर आ रहे हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि इसकी चिंता न तो छात्रावास व आश्रम के अधीक्षक को है और न ही विभाग के आला अधिकारी इसे गंभीरता से ले रहे हैं।

जबकि इससे पूर्व जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम कुई छात्रावास में पदस्थ अधीक्षीका द्वारा एक छात्रावासी छात्रा से अपने पति के कपड़े धुलवाए जाने को लेकर मारपीट किए जाने का भी मामला सामने आ चुका है और इसे लेकिन एनएसयुआई सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने हाल ही में धरना प्रदर्शन तथा जिला कार्यालय का घेराव कर कलेक्टर से कार्यवाही की मांग भी की थी। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस तरह के मामलों में शिकवा शिकायतों के बाद भी न तो व्यवस्था में कोई सुधार हो रहा है और न ही दोषियों के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्यवाही ही की जा रही है।

**मॉनीटिरिंग का आभाव, जिम्मेदार नहीं निभा रहे अपनी जिम्मेदारी**




माना जा रहा है इस अव्यवस्था और मनमानी को एक प्रकार से आला विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों का मूक संरक्षण है। अधिकारियों द्वारा न तो कभी जिले के वनांचल में संचालित आश्रम छात्रावासों का निरीक्षण किया जाता है और न ही यहां रहने वाले विद्यार्थियों की सुध ली जाती है। हद तो यह है कि गांव-गांव में मौजूद सत्तारूढ़ दल के औहदेदार जनप्रतिनिधि भी कभी इन छात्रावासों का निरीक्षण करने और यहां अध्यनरत गरीब आदिवासी बच्चों को शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेने की जहमत नहीं उठाते। यहीं वजह है कि इन छात्रावासों में खुलकर मनमानी और भर्राशाही देखने को मिल रही है।

---

## नितिन नवीन का समर्पण और परिश्रम हम सबके लिए प्रेरणा हैः भावना बोहरा

- नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर भावना बोहरा ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री, बांकीपुर विधानसभा से 5 चुनावों में लगातार अजेय योद्धा और छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। नितिन नवीन को मिली इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि एक कार्यकर्ता से नेतृत्वकर्ता तक नितिन नवीन का समर्पण और परिश्रम हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने युवा पीढ़ी पर अपना विश्वास दिखाया और नितिन नवीन को यह दायित्व सौंपा है। छत्तीसगढ़ प्रभारी के रूप में लगातार उनके साथ हमें काम करने का अवसर मिला, हर बूथ हर कार्यकर्ता तक जाकर उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा की नींव को मजबूत किया और पूर्व की कांग्रेस सरकार के कुशासन को जड़ से समाप्त कर 2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा के सुशासन की सरकार बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। झारखण्ड और बिहार विधानसभा चुनाव में भी उनके मार्गदर्शन में काम करने का अवसर मुझे मिला और कैसे चुनाव की रणनीति बनाई जाती है, जनता के मुद्दों को उठाया जाता है और कार्यकर्ताओं को कैसे प्रोत्साहित किया जाता ऐसे बहुत से अनुभव सिखने को मिला। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मुझे और मेरे जैसे युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर उन्होंने दिया और अपने अनुभव एवं मार्गदर्शन से हमें निरंतर प्रोत्साहित किया। उनके कुशल नेतृत्व एवं जमीनी स्तर पर सक्रियता, कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद से छत्तीसगढ़ एवं बिहार में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली। भावना बोहरा ने कहा कि यह अवसर भारतीय जनता पार्टी के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण, प्रेरणादायी और उत्साह से भरा हुआ है।



---

## संशोधित लिमिट के आधार पर न टोकन कट रहे न धान खरीदी हो रही

### धीमी रफ्तार से हो रही खरीदी, किसान परेशान



- किसानो ने नई लिमिट के आधार खरीदी की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन के लिए केन्द्रों धान खरीदी का कार्य जोरो से चल रहा है। लेकिन किसानो की माने तो शासन-प्रशासन ने जिले के धान खरीदी केन्द्रों में प्रतिदिन धान क्रय की जो लिमिट तय की है उसके चलते न सिर्फ धान खरीदी काफी धीमी रफ्तार से चल रही है बल्कि इसके चलते किसानो को टोकन के लिए भी लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है और परेशानियां उठानी पड़ रही है।

हालांकी जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर ने इस बात को भापते हुए और किसानो की परेशानियों को देखते हुए नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित कबीरधाम के पत्र क्रमांक 849/कवर्धा, दिनांक 04/12/2025 के आधार पर जिले के धान उपार्जन केन्द्रों का प्रतिदिन खरीदी लिमिट को संशोधित कर बढ़ाने के आदेश दिए हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि कलेक्टर के इस आदेश का अभी तक पालन नहीं हो पाया है।

जारी संशोधित लिस्ट के मुताबिक कवर्धा उपार्जन केन्द्र में लिमिट को 1000 से बढ़ाकर 1400 क्विंटल प्रतिदिन किए जाने, रेगाखार खुर्द 897 से 1200, नेवारी 550 से 1200, बम्हनी 800 से 1000, धमकी 800 से 1000, बिरकोना 335 से 850, धरमपुरा 706 से 1000, झिरौनी 680 से 1200, जिन्दा 950 से 1600, सोनपुरी (रानीसागर) 600 से 1000, इंदौरी 1075 से 1500, पिपरिया 864 से 1200, खपरी 1058 से 1800, मरका 756 से 1200, कोको 893 से 1300, स. लोहारा 1380 से 1900, बासिनझोरी धान खरीदी केन्द्र में 841 क्विंटल से बढ़ाकर 1100 क्विंटल सहित जिले के अन्य धान उपार्जन केन्द्रों में वर्तमान धान खरीदी की लिमिट संशोधित कर बढ़ाए जाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए है, लेकिन जिले के किसानो की माने तो आदेश जारी होने के करीब हप्तेभर बाद भी सभी केन्द्रों में पुरानी लिमिट के आधार पर ही टोकन काटे जा रहे है और खरीदी की जा रही है।

जिससे किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानो ने मांग की है कि केन्द्रों में संशोधित लिमिट के आधार पर टोकन काटे जाए और धान खरीदी की जाए।

**धान खरीदी पर सरकार का टालमटोल रवैयाः चोवाराम साहू**

इस संबंध में कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने कहा कि जिस ढंग से प्रदेश की भाजपा सरकार धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व से खरीदी को लेकर अपना रूख बनाए हुए है उसे देखते हुए ऐसा लगता है कि सरकार जानबूझ कर किसानो को परेशान कर रही है। श्री साहू ने आरोप लगाते हुए कहा कि खरीदी के पूर्व किसानो एग्रीकेट पोर्टल में पजीयन के नाम पर भटकाया और परेशान किया गया और अब टोकन के लिए किसान भटक रहे हैं। धान खरीदी केन्द्रों में इतनी कम लिमिट तय की गई है कि एक दिन में कुछ क्विंटल ही धान की खरीदी हो पा रही है और कुछ ही किसान अपना धान बेंच पा रहे हैं। स्थिति ये है कि कलेक्टर द्वारा लिमिट बढ़ाए जाने संबंधी आदेश जारी किए जाने के बाद भी लिमिट नहीं बढ़ाई जा रही है। जो कहीं न कहीं सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करते हैं।

---

## बोड़ला के रामा गौशाला में हो रही गौवंशों की मौत, गौरक्षकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- गौर रक्षकों ने पशु चिकित्सा विभाग पर लगाए लारवाही व असहयोग के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

रामा गौशाला, बोड़ला में पशु विभाग की गंभीर लापरवाही से गौवंशों की लगातार हो रही मौतों ने प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है। इसी मुद्दे को लेकर गौ सेवक सीधे जिलाधीश से मिले और पशु विभाग के निष्क्रिय अधिकारियों को तत्काल हटाने की मांग करते हुए आवेदन सौंपा।

गौ सेवकों ने आरोप लगाया कि बोड़ला पशु विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को बार-बार फोन कर स्थिति से अवगत कराया जाता है लेकिन न तो किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचना जरूरी समझा और न ही समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया। सरकारी तंत्र की इसी संवेदनहीनता के चलते कई निर्दोष गौवंशों की जान चली गई। आवेदन में स्पष्ट कहा गया है कि यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि कर्तव्यहीनता और अमानवीय रवैये का मामला है। गौ सेवकों ने कहा कि जब जनसहयोग से संचालित गौशाला अपने सीमित संसाधनों से इलाज कराने को मजबूर हो, तब पशु विभाग का चुप रहना सीधे-सीधे प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है।




मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधीश ने पशु विभाग को नोटिस जारी कर जवाब-तलब करने और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही गौशाला संचालन हेतु आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय सहायता और संसाधनों की विस्तृत सूची भी गौ सेवकों से मांगा गया।

गौ सेवकों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई और पशु विभाग ने सहयोग देना शुरू नहीं किया, तो रामा गौशाला को बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ऐसी स्थिति में गौशाला बंद होने और गौवंशों के भविष्य की पूरी जिम्मेदारी पशु विभाग के गैरजिम्मेदार अधिकारियों की होगी। अब सवाल यह है कि क्या नोटिस केवल कागजों तक सीमित रहेगा या वास्तव में जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। इसका जवाब आने वाले दिनों में प्रशासन को देना होगा।

---

## छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक शाला सप्रे मैदान कर्मचारी भवन रायपुर में गत दिनो आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष सहित कबीरधाम जिले के जिलाध्यक्ष दिलीप चन्द्रवंशी भी उपस्थित रहे।

प्रांतीय बैठक के संबंधी दिलीप चन्द्रवंशी ने बताया कि इस बैठक में कर्मचारी हित में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर 23, 24 एवं 25 जनवरी को राष्ट्रीय बैठक शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित किए जाने, सदस्यता अभियान चलाकर जिले-जिले में अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने, प्रत्येक जिले में प्रांतीय बैठक आयोजित करने, सेवानिवृत कर्मचारियों का प्रांतीय स्तर में सम्मान समारोह आयोजित किए जाने तथा सभी जिले में पेंशनर फोरम का गठन किए जाने सहित कर्मचारी हित में अन्य निर्णय लिए गए।

---

## दिल्ली के जंतर-मंतर में जिले के युकां कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**कवर्धा।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोशले के नेतृत्व मे कबीरधाम जिले के युकां कार्यकर्ता वोट चोर गद्दी छोड़ एवं दिल्ली में बढ़ते प्रदुषण के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली पहुंचे। इस संबंध में श्री कोसेले ने बताया कि दिल्ली में बढ़ते प्रदुषण को लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व मे जंतर-मंतर में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित पढ़ानीय व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के हजारों युवा शामिल हुए। श्री कोसले ने बताया कि युवा कांग्रेसियों को दिल्ली पुलिस द्वारा बेरीगेट्स लगाकर रोकने की कोशिश की गई इस दौरान पुलिस और युवाओं के बिच झूमा झटकी भी हुई। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोशले ने बताया कि नरेंद्र मोदी जब-जब लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास करेंगे तब-तब युवा मैदान पर उतर कर देशवासियों के हित में लढ़ाई लड़ेगा।

---

**कबीरधाम जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में आयोजित किया गया नसबंदी शिविर**

# बोड़ला में की गई 15 पुरुषों और 10 महिलाओं की नसबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार तुरे के निर्देशन में सोमवार को पुरुष /महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। बोड़ला बीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में सर्जन डीएचओ डॉ. सतीश चंद्रवंशी के द्वारा 15 पुरुष नसबंदी एवं 10 महिला नसबंदी का सफल ऑपरेशन किया गया।

बोड़ला बीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि पुरुष नसबंदी बहुत ही आसान और सरल विधि है जिसे पुरुषों का आसानी से नसबंदी किया जा सकता है जिसमें ना टांका लगता है न चीरा लगता है 10 से 15 मिनट के समय अवधि में ऑपरेशन बड़ी आसानी से किया जा सकता है।

जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा 3000 रूपए पुरुषों को प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जा रहा है साथ ही साथ निःशुल्क ऑपरेशन एवं निःशुल्क दवाई की भी सुविधा सरकार के द्वारा दी जा रही है। इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी परिवार नियोजन के हितग्राहियों को अपनाना चाहिए एवं ज्यादा से ज्यादा समुदाय में पुरुष नसबंदी के प्रति जन-जागरूकता के माध्यम से परिवार नियोजन की दिशा में पुरुष नसबंदी को समुदाय में प्रोत्साहित कर हम इस दिशा में एक अच्छा कार्य कर सकते हैं। उन्होने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण एक सतत प्रक्रिया है जो सामाजिक-आर्थिक बदलावों और स्वास्थ्य सेवाओं के जिरए जनसंख्या वृद्धि को टिकाऊ स्तर पर लाने पर केन्द्रित है, ताकि देश का संतुलित विकास हो सके। जनसंख्या स्थिरीकरण में पुरुष नसबंदी (पुरुष बंध्याकरण) का महत्व बहुत ज्यादा है क्योंकि यह एक सरल, सुरक्षित, प्रभावी और स्थायी गर्भनिरोधक विधि है, जो परिवार नियोजन का बोझ सिर्फ महिलाओं पर डालने के बजाय पुरुषों की सीधी और बराबर भागीदारी सुनिश्चित करती है, जिससे परिवार नियोजन लक्ष्यों को प्राप्त करने और जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।




डॉ . पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के द्वारा समस्त फील्ड में तैनात मैदानी अमला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी परिवार नियोजन में बोड़ला पुरुष नसबंदी हेतु लोगों को जागरूक करें हम ज्यादा से ज्यादा पुरुष नसबंदी के महत्व को बताएं। जिसका सीधा लाभ परिवार को मिल सके। पुरुष नसबंदी शिविर में बोड़ला ब्लॉक के बीपीएम रूपेश साहू, बीईटीओ मानिक चंद्रवंशी, डॉ. लोकेश चंद्रवंशी, शैलेन्द्र त्रिवेदी, नीतीश साहू, कृष्ण कुमार धुर्वे, सीएचओ मोनिका ठाकुर, पूनम शर्मा, चंद्रमुखी मानकर एवं सीएचसी बोड़ला के नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित थे।

---

## जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को पोस्ट ऑफिस का कराया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बैगलेस डे गतिविधि के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला के विद्यार्थियों को शासकीय पोस्ट ऑफिस कवर्धा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबों से इतर वास्तविक जीवन कौशल, गतिविधि-आधारित शिक्षा एवं व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की डाक टिकटों, स्पीड पोस्ट काउंटर, रजिस्ट्रेशन सेक्शन, डाक छंटाई कक्ष, बचत बैंक विंग, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस, फिलेटली विभाग, तथा ई-मेल, पार्सल प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन किया। पोस्ट मास्टर रमेश टंडन ने विद्यार्थियों को रोचक व उपयोगी जानकारी दी। पोस्ट मास्टर ने पोस्ट ऑफिस की कार्यप्रणाली, डाक सामग्री की प्रक्रिया, पार्सल वितरण प्रणाली तथा वित्तीय सेवाओं के संचालन के बारे में, डाक विभाग कैसे देशभर में संचार, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है बारे में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण राजेश चौरसिया (कला शिक्षक) एवं सुश्री ऋतु (योग शिक्षिका) भी साथ रहे। विद्यालय के प्राचार्य एनके लांजेवार ने कहा कि इस विजिट का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया से जोड़ना, आनंदपूर्ण शिक्षा और रचनात्मक अधिगम को प्रोत्साहित करना है। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी साबित हुआ।



इसके साथ विद्यार्थियों को आज एचडीएफसी बैंक, कवर्धा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बैंक के कस्टमर सर्विस सेक्शन, कैश काउंटर, एटीएम सेवाएँ, डिजिटल बैंकिंग, लोन और क्रेडिट सेवाएं, खाता खोलने की प्रक्रिया, तथा साइबर सुरक्षा और सुरक्षित लेनदेन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। बैंक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि आधुनिक बैंकिंग किस प्रकार देश की अर्थव्यवस्था, व्यक्तिगत बचत और डिजिटल पेमेंट सिस्टम में महत्वपूर्ण योगदान देती है।